

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



वर्ष 03 : अंक : 350 | ग्वालियर, मंगलवार 02 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8




## बजट में सरकार ने किसानों के लिए खोले पिटारे

**वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण के दौरान कृषि क्षेत्र का जिक्र भी किया. उन्होंने इस भाषण में किसानों के लिए बहुत सी घोषणाएं की जिससे कि उन्हें तत्काल फायदा मिलेगा.**

**नई दिल्ली।** सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का आम बजट (बजट 2021-22) पेश किया. वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण के दौरान कृषि क्षेत्र का जिक्र भी किया. उन्होंने इस भाषण में किसानों के लिए बहुत सी घोषणाएं की जिससे कि उन्हें तत्काल फायदा मिलेगा. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लगातार की किसानों की आमदनी दोगुना करने की दिशा की ओर काम कर रही है. वहीं यूपीए सरकार पर तंज कसते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि, इस बजट में राजग सरकार ने यूपीए सरकार से करीब तीन गुना राशि किसानों के खातों में पहुंचाई है. वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार की ओर से हर सेक्टर में किसानों को मदद दी गई है, दाल, गेंहू, धान समेत अन्य फसलों की एमएसपी बढ़ाई गई. अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने आगे कहा कि, कृषि खरीद में लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे किसानों को फायदा हो रहा है. वित्त मंत्री ने कहा कि कृषि मंडियों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए कृषि फंड उपलब्ध करवाया जायेगा.

### विपक्ष ने कृषि सेक्टर पर बोलते समय किया हंगामा

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार ने हर सेक्टर से किसानों की मदद की है. उन्होंने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने धान, गेहूं और दाल समेत अन्य फसलों की एमएसपी बढ़ाई. वहीं जैसे ही उन्होंने सदन में ये कहा कि, ये बजट किसानों के लिए समर्पित सदन में विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. आपको बता दें कि सदन में ये हंगामा काफी देर तक चलता रहा. विपक्ष ने तीन कृषि कानूनों के खिलाफ सदन में ही नारेबाजी की. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि स्वामित्व योजना को अब देशभर में लागू किया जाएगा. कृषि के क्रेडिट कार्ड के लक्ष्य को ये सरकार 16 लाख करोड़ तक पहुंचाने जा रही है. उन्होंने ऑपरेशन ग्रीन स्कीम का ऐलान किया गया है, जिसमें कई फसलों को शामिल किया जाएगा और किसानों को लाभ पहुंचाया जाएगा.

### तमिलनाडु में मत्यस्य पालन का किया ऐलान

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में बताया कि पांच फिशिंग हार्बर को आर्थिक गतिविधि के हब के रूप में तैयार किया जाएगा. उन्होंने बताया कि ये फिशिंग हार्बर तमिलनाडु में विकसित किए जाएंगे. तमिलनाडु में फिश लैंडिंग सेंटर का विकास किया जाएगा. वित्त मंत्री ने कहा कि दाल के मामले में वर्ष 2013-14 में किसानों को कुल 263 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था जो वर्ष 2020-21 में बढ़कर 10,530 करोड़ रुपये हो गया. सीतारमण ने कहा, मत्स्य पालन के लिए, हम आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में पांच प्रमुख बंदरगाह विकसित करेंगे. उन्होंने किसानों के लिए समुद्री शैवाल की खेती को एक उभरता हुआ क्षेत्र बताया साथ ही ये भी कहा कि जो किसान ऐसे इलाकों से हैं जहां शैवाल की खेती संभव है ऐसे किसानों का जीवन इसकी खेती से बदल सकता है.

## सीएम योगी से लेकर अदार पूनावाला ने बजट पर दी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** कोविड महामारी के मद्देनजर केंद्र सरकार ने इस वर्ष संसद में पेश आम बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है. सोमवार को सदन में बजट पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि छह वर्षों में 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना शुरू की जाएगी. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि देश में कोविड वैक्सीन की खरीद एवं वितरण के लिए 35,000 करोड़ रुपये की पूरक राशि भी प्रस्तावित है.

बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कहा कि सरकार देश भर में 15 हेल्थ इमरजेंसी सेंटर का निर्माण कराएगी. वर्ष 2021-2022 के लिए स्वास्थ्य एवं जन-कल्याण के लिए कुल 2,23,846 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं. इसकी मदद से राष्ट्रीय संस्थानों के साथ-साथ प्राइमरी व सेकंडरी हेल्थकेयर सुविधाओं को और विकसित किया जा सकेगा. उन्होंने कहा कि सरकार इस मद में और धन मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है. स्वास्थ्य व कल्याण के लिए बजट परिव्यय 2,23,846 करोड़ रुपये है जो 137 प्रतिशत अधिक है. सीतारमण ने कहा



कि इन बजट प्रस्तावों से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और मजबूती मिलेगी. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व कल्याण, समावेशी विकास, नवाचार समेत छह स्तम्भों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. सीरम इंस्टीट्यूट के अदार पूनावाला ने बजट की तारीफ की. कहा, यह बजट बेहतरीन है. खासतौर से स्वास्थ्य और टीकों से जुड़ी घोषणाएं. कोई भी देश इस पर अपना अच्छा निवेश कर सकता है. एक स्वस्थ्य भारत अधिक प्रोडक्टिव भारत है. वहीं बजट को लेकर कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की, केंद्रीय बजट एक प्रगतिशील एवं व्यापक आर्थिक दस्तावेज है जो अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र के संरचित विकास को न केवल सुनिश्चित करता है. बल्कि देश के वरिष्ठ अधिकांश नागरिकों को कर के बोझ से राहत देना और स्वास्थ्य क्षेत्र और उसमें सेवाओं के मजबूत विकास को सुनिश्चित करना इस बजट की मुख्य विशेषता है. कैट के अनुसार इस बार के बजट में कोई भी नया कर नहीं लगाया गया है, जिससे ये बजट और भी प्रभावी बन जाता है, हालांकि देश भर में पिछले एक पखवाड़े से नए कर लगाने की तमाम अटकलें लगाई जा रहीं थी, जिन पर अब विराम लग गया है.

## राहुल गांधी को वित्त मंत्री का करारा जवाब

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को वित्त वर्ष 2021-22 का आम बजट पेश किया है. इसके बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वित्त मंत्री द्वारा बजट पेश किए जाने के बाद आरोप लगाया कि सरकार की योजना भारत की संपत्तियों को अपने पूंजीपति मित्रों को सौंपने की है. इस पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राहुल गांधी को करारा जवाब दिया है. वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सिर्फ एक सवाल का जवाब दें कि केरल में वो पोर्ट को क्यों प्राइवेट हाथों में बेचना चाहते हैं तो मैं उनके हर 15 दिन में दोहराने वाले ट्वीट को कुछ नहीं कहूंगी. मुझे लगता है राहुल गांधी को किसी ने गलत जानकारी दी है या फिर उनको कोई बुरे नियत से सलाह दे रहा है. आपको बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि सरकार लोगों के हाथों में पैसे देने के बारे में भूल गई. मोदी सरकार की योजना भारत की संपत्तियों को अपने पूंजीपति दोस्तों को सौंपने की है. वहीं, बजट पेश होने से पहले उन्होंने कहा था कि बजट में छोटे और मझोले कारोबारियों की मदद करने के साथ स्वास्थ्य और रक्षा खर्च में बढ़ोतरी किए जाने की जरूरत है.



## दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में मैच देखने आ सकते हैं पीएम मोदी और अमित शाह



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज की शुरुआत पांच फरवरी से हो रही है। यह सीरीज काफी खास साबित होने वाली है, क्योंकि इस सीरीज के साथ ही भारत में पिछले साल मार्च के महीने में कोरोना वायरस की वजह से रद्द हुए इंटरनेशनल क्रिकेट की वापसी हो जाएगी। इसके अलावा टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में खेला जाएगा। दोबारा बनाए जाने के बाद इस स्टेडियम में यह पहला इंटरनेशनल मैच होगा। इस स्टेडियम की दर्शक क्षमता 1,10,000 है। इस खास मौके पर बीसीसीआई देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत दिग्गज नेताओं को आमंत्रित करने पर विचार कर रहा है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई पीएम मोदी के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रीजिजू और कुछ बड़े नेताओं को भी आमंत्रण दे सकता है। इस मैच का आयोजन 24 से 28 फरवरी के बीच होना है। रिपोर्ट के मुताबिक, अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में होने वाले टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में दर्शकों को ग्राउंड में जाकर मैच देखने की अनुमति मिली है। इसके साथ ही भारत में कोरोना काल में यह पहली बार होगा, जब दर्शक अपने मनपसंद खेल और खिलाड़ियों को मैदान में जाकर लाइव देख सकेंगे। इस रिपोर्ट के अनुसार, मोटेरा में बैठने की क्षमता एक लाख से अधिक होने के कारण, गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए 50 प्रतिशत दर्शकों को आसानी से समायोजित कर सकता है। सरकार ने खेल स्टेडियमों को 50 प्रतिशत क्षमता के साथ चलने की अनुमति दी है, इसलिए अहमदाबाद में होने वाले मैच के लिए फैन्स को परमिशन देने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान मीडिया भी स्टेडियम में आकर खेल को कवर कर सकेगा। सीरीज का चौथा और आखिरी टेस्ट भी इसी मैदान पर खेला जाएगा।

## नागपुर और नासिक मेट्रो के लिए 8 हजार करोड़ रुपये आवंटित, तेजी से होगा काम

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में बजट 2021-22 पेश किया. बजट में भारतीय रेल पर खासा ध्यान दिया गया, जिसके तहत रेलवे के लिए रिकॉर्ड 1,10,055 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 1,07,100 करोड़ रुपए केवल पूंजीगत व्यय के लिए है. इसके साथ ही वित्त मंत्री ने भारतीय रेल के विकास के लिए राष्ट्रीय रेल योजना 2030 की भी घोषणा की है. रेल बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने महाराष्ट्र के लिए बड़ा ऐलान किया. बजट में महाराष्ट्र के दो अलग शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए 8 हजार करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की गई है. नागपुर मेट्रो प्रोजेक्ट के दूसरे फेज के लिए 5976 करोड़ रुपये और प्रस्तावित नासिक मेट्रो के लिए 2092 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. वित्त मंत्री की घोषणा के बाद निश्चित रूप से नागपुर और नासिक मेट्रो के निर्माण कार्य में तेजी आएगी. वित्त मंत्री ने बजट भाषण में देश के तमाम शहरों में मेट्रो रेल नेटवर्क और बस सेवाओं के विस्तार करने का ऐलान किया है. बताते चलें कि रेल बजट 2021-22 में यात्री सुविधा और सुरक्षा के लिए तमाम घोषणाएं की गई हैं. यात्रियों के बेहतर अनुभव के लिए ट्रेनों में नए लग्जरी कोच लगाए जाएंगे और पर्यटन मार्गों पर चलने वाली ट्रेनों में विस्टाडोम लगाए जाएंगे.



## सधी प्रतिक्रिया दी विदेश मंत्रालय ने

म्यांमार में सूची के नेतृत्व वाली सरकार का तख्तापलट हुआ, उसे देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय ने सधी प्रतिक्रिया दी है. एक औपचारिक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत म्यांमार के घटनाक्रम पर बेहद गहरी निगाह रखे हुए हैं. साथ ही इस घटनाक्रम को लेकर चिंतित भी है. आगे कहा गया है कि भारत हमेशा से म्यांमार में लोकतंत्र की बहाली के लिए अपना समर्थन देता आया है. सैन्य सत्ता के बाद लोकतांत्रित प्रक्रिया से चुनकर आई सरकार को भारत का पूर्ण समर्थन प्राप्त रहा है. ऐसे में हालिया घटनाक्रम के बाद भारत को विश्वास है कि वहां लोकतंत्र की बहाली के साथ न्याय का शासन फिर बुलंद होगा.

## म्यांमार में तख्तापलट पर भारत सतर्क, जताई लोकतंत्र बहाली की उम्मीद

**भारत को विश्वास है कि वहां लोकतंत्र की बहाली के साथ न्याय का शासन फिर बुलंद होगा. इस प्रक्रिया पर भारत की पैनी नजर है.**

**नई दिल्ली।** बेहद नाटकीय घटनाक्रम में म्यांमार के सैन्य प्रमुख की हां या ना के बीच अंततः आंग सान सू ची की सत्ता का तख्ता पलट हो ही गया. इसको लेकर भारत ने बेहद सधी प्रतिक्रिया दी है. म्यांमार में जिस तरह से लोकतंत्र को लंबे समय तक सेना ने बंधक बना कर रखा और अब फिर सेना की सत्ता आने पर भारत बेहद सतर्क है. इसकी एक वजह तो यही है कि म्यामांर की लोकतांत्रिक सरकार के दौरान ही रक्षा मंत्री समेत कई बड़े सैन्य अधिकारियों ने चीन के हस्तक्षेप पर चिंता जाहिर की थी. खासकर जिस तरह चीन म्यांमार के अलगाववादियों को खाद-पानी उपलब्ध करा रहा था. गौरतलब है कि वास्तविक नेता आंग सान सू ची समेत राष्ट्रपति विन म्यिंट को राजधानी नैपीडॉ में नजरबंद कर दिया है. सेना के कमांडर इन चीफ मिन आंग लाइंग ने सत्ता संभालते ही एक साल के लिए आपातकाल लगा दिया है.

**भारत में मोदी सरकार के अस्थिर होने का डर...**

## किसान आंदोलन पर चीन ने उगला जहर, दुनिया के उग्र आंदोलनों से जोड़ा

> ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने अपने बहुमत के दम पर संसद में इन कानूनो को जल्दबाजी में ध्वनिमत से पास किया और विपक्ष की अपीलों को दरकिनार कर दिया। इस वजह से विपक्षी पार्टियां मोदी सरकार पर किसानों और लोकतंत्र के खिलाफ काम करने का आरोप लगा रही हैं। अखबार ने यह भी कहा है कि प्रदर्शनकारी आसानी से नहीं मानेंगे और यह संकट कम समय में खत्म नहीं होने जा रहा है।

**बीजिंग।** भारत में केंद्रीय कृषि कानूनों के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन के बहाने चीन ने जगर उगला है। उसने जाहिर कर दिया है कि किस तरह वह भारत में भी उसी तरह अस्थिरता और तख्तापलट देखने का सपना पालता है जैसा कि दुनिया के कुछ हिस्सों में पिछले 1-2 दशकों में हुआ है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में हुई हिंसा के बाद अफवाहों को रोकने लिए एनसीआर के कुछ हिस्सों में लगाए गए अस्थायी इंटरनेट बैन को चीन ने असल में मोदी सरकार का डर बताया है। चीन सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स में छापे गए एक आर्टिकल में कहा गया है कि भारत को मोदी सरकार के अस्थिर होने का डर है।

ग्लोबल टाइम्स में शिन्हुआ यूनिवर्सिटी में नेशनल स्ट्रैटिजी इंस्टीट्यूट के रिसर्च डिपार्टमेंट के डायरेक्टर कियान फेंग ने लिखा है कि भारत में किसानों का आंदोलन चल रहा है। इसके जवाब में भारत सरकार ने नई



दिल्ली के आसपास कई इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया है, जहां किसान नए कृषि कानूनों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में हांगकांग में विरोध प्रदर्शनों को बलपूर्वक कुचलने वाले चीन ने भारत में चल रहे किसानों के शांतिपूर्ण आंदोलन की तुलना दुनिया के उन आंदोलनों से कर दी है जहां कुछ सालों में हिंसक और तख्तापलट करने वाले प्रदर्शन हुए हैं। चीनी एक्सपर्ट ने आगे कहा है, नई दिल्ली अस्थिरता भरे दशक के सीखों से अवगत है। 2010 के ट्यूनिशिया के प्रदर्शनों, जिसने पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका में अशांति पैदा की, से लेकर बेलारूस, किर्गीस्तान, थाइलैंड से 2020 में अमेरिका तक, इन सभी में ऑनलाइन मीडिया, घरेलू अर्थव्यवस्था और सामाजिक शासन के मिश्रित कारक थे जो जो सामाजिक संकटों के कारण बम बन गए थे। अस्थिर करने वाले और पहलुओं के साथ अधिक संकटों की संभावना है और क्षति भी गंभीर होगी। लेख में कहा गया है कि भारतीय किसानों के प्रदर्शन को बढ़ते देख मोदी प्रशासन ने इंटरनेट को सस्पेंड करने, मीडिया कंट्रोल का रास्ता चुना है ताकि सामाजिक स्थिरता और शासन की नींव पर असर को रोका जा सके। अभिव्यक्ति की आजादी से लेकर मानवाधिकारों तक को कुचल चुके चीन ने कानून व्यवस्था को लेकर कभी-कभार लगाए जाने वाले इंटरनेट बैन को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हुए कहा कि भारत सरकार प्रदर्शनों को रोकने के लिए बार-बार इंटरनेट बैन का सहारा लेती है।

## एक नजर....



### एसपी ग्वालियर ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारी व कर्मियों को दी विदाई

**ग्वालियर।** आज पुलिस कन्ट्रोल रूम ग्वालियर सभागार में पुलिस सेवा से सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के लिये विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी भापुसेद्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत हुए पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह शाल व श्रीफल देकर विदाई दी गई। इस दौरान रक्षित निरीक्षक श्री रंजीत सिंहके साथ पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों से नौकरी के दौरान उनके अनुभवों को भी साझा किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सभी से कहा की वह स्वयं व परिवार को कोरोना के संक्रमण से बचाए रखें। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारीगण इस प्रकार हैं। उप पुलिस अधीक्षक बी.एस.रघुवंशी सउनि राम अवतार जाटवए सउनि भानू प्रसाद दुबेए प्रआर महेन्द्र प्रताप सिंहए प्रआर मानाल सिंहए अश्विनी दीक्षित आर. महिपाल सिंह; स्वेछा सेवानिवृतिद्ध।

### पत्रकारों पर हो रहे फर्जी मुकदमो से आक्रोशित आईरा जिलाध्यक्ष ने आई जी मोहित अग्रवाल को दिया ज्ञापन

पुष्पांजली टुडे-अंकित,अभिषेक



कानपुर देहात से लेकर कानपुर नगर तक पुलिस द्वारा गलत तरीके से कई पत्रकारो पर बगैर जांच किये मुकदमे लिखे गए जो देश के चौथे स्तंभ का सीधा हनन है।बताते चले चौबेपुर थानांतर्गत पत्रकार टीकम सिंह जो दो पक्षो के बीच हुए झगड़े की कवरेज करने गए थे उनपर पुलिस ने फर्जी मुकदमा लिख दिया।दूसरा मामला भोगनीपुर विधानसभा से भाजपा विधायक विनोद कटियार के कहने पर पत्रकार विजय यादव पर झूठा मुकदमा लिखा गया पत्रकार विजय यादव ने जिसमें विधायक विनोद कटियार के द्वारा जमीन कब्जाने की खबर चलाई थी उसी खबर से खुन्नस खाये विनोद कटियार ने आईपीएन न्यूज़ चैनल के संपादक विजय यादव पर पुलिस से मिलीभगत कर506 505आईपीसी की धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।पुलिस की उदासीनता को देखते हुए ऑल इंडियन रिपोर्ट्स एसोसिएशन( आईरा) के जिलाध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने रोष व्यक्त करते हुए अपने संगठन के अन्य सदस्यों के साथ कानपुर आई जी मोहित अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा उनकी इस मुहिम में एडवोकेट राजीव द्विवेदी ने भी साथ देते हुए कहा के वह स्वयं पीड़ित पत्रकारो के मामले को कानपुर न्यायालय से लेकर हाई कोर्ट तक जाएंगे और जिन पत्रकारो पर फर्जी मुकदमे लगाए गए है उन्हें वापस करवाएंगे।

### भिंड जिले से बड़ी संख्या में किसान हिस्सेदारी करेंगे



**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**गोहद-** गोहद में किसानों का धरना 25 दिन भी जारी 3 फरवरी को ग्वालियर में फूल बाग में किसान पंचायत भिंड जिले से बड़ी संख्या में किसान हिस्सेदारी करेंगे गोहद भिंड तीनों काले कानूनों को लेकर वापस लेने की मांग को लेकर ग्वालियर चंबल संभाग में करीब 1 महीने से धरनाचल रहे हैं ग्वालियर में फूल बाग गेट पर जारी किसानों के धरने में कल शाम 4-00 बजे भाजपा ह.ह्य.ह्य. के साठ70 गुंडों में धरने पर बैठे किसानों पर हमला किया बैनर फाड़ दिया शहीद ए आजम भगत सिंह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सावित्रीबाई फुले की तस्वीर तोड़ दी किसनो के साथ मारपीट की महिला किसानों को चोटे आई लिहाजा 3 फरवरी को ग्वालियर फूलबाग मैदान में दोपहर 11-00 बजे से किसान पंचायत बुलाई जा रही है इसमें भिंड से किसान भी हिस्सेदारी करेंगे गोहद में मंडी गेट पर किसान नेताओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा के नेता पेमनारायण माहौर राजेश शर्मा वीरेंद्र कुशवाहा भूपेंद्र सिंह गुर्जर नारायण शर्मा रशीद खान मुन्ना लाल कुशवाहा मुरारीलाल राजेंद्र सिंह कुशवाहा देवेंद्र शर्मा मुरारीलाल आदिवासी रामसेवक बाबा हरगोविंद जाटव शोभा माहोर साबित त्रिवेणी कुशवाहा अनीता गोस्वामी हरिशंकर माहौर रवि राठौर आदि नेता बैठक में मौजूद थे।

### युवा समाजसेवी प्रबल प्रताप जल्द ही करेंगे सेवड़ा का दौरा



देश के कृषि मंत्री मा. नरेंद्र सिंह तोमर जी के सुपुत्र एवं युवा समाजसेवी प्रबल प्रताप सिंह तोमर (रघु भैया) से भोपाल स्थित निवास पर आज भाजयुमों दतिया के जिला उपाध्यक्ष श्यामू ठाकुर ने मुलाकात की. मुलाकात के दौरान सामान्य कुशलक्षेम से सम्बंधित चर्चा हुई. इस दौरान श्री ठाकुर ने मा. प्रबल प्रताप जी को सेवड़ा आगमन का निमंत्रण दिया जिसे श्री तोमर ने सहर्ष स्वीकार कर लिया, इस दौरान प्रबल प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि वो पिछले काफी समय से सेवड़ा आकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करना चाहते हैं लेकिन व्यवस्तता के चलते समय नहीं मिला,लेकिन अब जल्दी ही कोशिश कर वो श्यामू ठाकुर के निमंत्रण पर जरूर आयेंगे।

# सम्राट अशोक क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

## जब तक जिंदा है समाज के लिये समर्पित रहूँगी-किरण ददा, हो जज्बा कुछ करने का तो मुश्किल कुछ नही-पाल

**लहार( अर्पित गुप्ता)।** सम्राट अशोक क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन 01 फरवरी से 15 फरवरी तक बाईपास रोड लहार में किया जा रहा है।जिसका उदघाटन पहले दिन किन्नर समाज के अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी किरण दद्दा एवं विशेष अतिथि पाल समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजाभैया पाल के कर कमलों से किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि किन्नर समाज की अध्यक्ष किरण ददा ने कहा कि जब तक जिंदा हू समाज की सेवा करती रहूँगी मेरी कोई औलाद नही है मेरी औलाद समाज के सभी युवा है इनकी प्रगति के लिये जिंदा हु और हमेसा उनके उज्जव भविष्य के लिये समर्पित रहूँगी।वही विशेष अतिथि पाल समाज के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजाभैया पाल ने कहा कि जो सफर की शुरुबात करते है बो मंजिल को पार करते है बस एक बार चलने का हौशला रखिये अच्छे इंसानों का तो रास्ते भी इंतजार करते है।इसलिये शिक्षा के साथ साथ खेलो की दुनियाँ में यदि मुकाम हासिल करना है तो लगातार अभ्यास करते रहना चाहिये आपके लगातार अभ्यास एवं प्रयास से सफलता निश्चित है बो दिन दूर नही जब हमारे लहार क्षेत्र के युवा क्रिकेट की दुनियाँ में लहार क्षेत्र के नाम समूचे देश मे रोशन करेंगे।इस मौके पर सम्राट अशोक क्रिकेट टूर्नामेंट समिति की ओर से शिव



सिंह कुशबाह एवं भानू प्रताप बघेल ने अतिथियो का खिलाड़ियों से परिचय कराया ।।

इस मौके पर युवा नेता संजीव सिंह बघेल,अज्जू गुप्ता भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट का पहला रोमांचक मौक़ाबला बजरंग क्रिकेट क्लब एवं खान क्रिकेट क्लब के द्वारा आयोजित किया गया।जिसमे खान क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 12 ओबर में 104 रनों का स्कोर खड़ा किया,जिसके जबाब में बजरंग टीम ने 10.5 ओबर में खान टीम को पराजित कर दिया विजेता बजरंग टीम की ओर से शानदार बल्लेबाजी करने बाले गोपाल सिंह ने 54 रन 2 विकेट लिये और मेन ऑफ द मैच के हकदार चुने गये।यह सम्मान छोटे सिंह राजावत द्वारा दिया गया । मैच का आंखों देखा हाल जितेंद्र सिंह कुशवाह लहार द्वारा किया गया।एम्पायर के रूप में जितेंद्र कुमार आर्य रहे।आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि विजेता टीम को 11 हजार रुपये एवं उपविजेता को 5100 रुपये प्रदान किये जायेंगे।इंट्री फीस 1100 रुपये रखी गयी है।प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच के साथ आकर्षक पुरूस्कार प्रदान किये जायेंगे,हारा हुआ खिलाड़ी दोबारा नही खेल पायेगा,मैच मेटी की पिच पर होगा,मैच टैनिस की बॉल से खेला जायेगा,सभी निर्णय कमेटी के मान्य होंगे।आयोजन समिति में मुख्य रूप से शिव सिंह कुशवाह,अनिल सिंह छोटू भैया,अज्जू गुप्ता,निरपत कुशबाह,रबी चन्देल,पंकज कुशवाह, मनीष बघेल, भानू प्रताप सिंह बघेल, सोमेश बघेल, अरबिंद बघेल, महावीर सिंह चन्देल, रोहित कुशबाह आदि लोग शामिल है ।

# मिहोना थाना पुलिस ने मोबाइल चोर पकड़ा चोरी गये पांच मोबाइल किए बरामद

## थाना प्रभारी मिहोना संजय सोनी की एक और कार्यवाही



**लहार( अर्पित गुप्ता)।** भिंड पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में एवम अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन एवम एस.डी.ओ.पी लहार अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत मिहोना थाना प्रभारी संजय सोनी ने मोबाइल चोर तो पकड़ा ही साथ ही सायबर सेल की मदद से उससे पांच मोबाइल भी बरामद कर लिये।जानकारी के अनुसार फरियादी आदित्य शर्मा अपने मित्र लल्लू व बंटी यादव के यहां दाल टिक्कड़ के प्रोग्राम में गये थे रात अधिक होने से मोबाइल वहीं बंटी यादव के यहां गोंडा में चार्ज पर लगाकर सो गए पर जब जागे तो मोबाइल नही मिले जिसकी तत्काल सूचना मिहोना थाना पुलिस को लगी एवम फरियादी रवि गौर का मोबाइल चरखरा की पुलिया के पास ट्यूवेल में बने कमरे से चोरी हो गया था जिसकी रिपोर्ट भी मिहोना थाने में दर्ज कराई गई लगातार चोरी हो रहे मोबाइलों की लुकेशन सायबर सेल भिंड आनंद दीक्षित के माध्यम ली गयी और एक टीम बनाकर मुखबिर के जरिये आरोपी राहुल पुत्र सन्तोष तिवारी निबासी लगोधी थाना रेंडर उत्तर प्रदेश जिला जलोंन को उसके गाव से मय पांच मोबाइल के पकड़ा गया उसे थाना मिहोना लाया गया एवं उसके ऊपर चोरी के माल जप्य कर चोरी का प्रकरण कायम कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही सुनिश्चित की गई ।

# रेत माफिया के आतंक से परेशान किसान

## किसान के जमीन पर रेत माफियाओं का कब्जा किसान लगा रहा है प्रशासन से मदद की गुहार



**लहार( अर्पित गुप्ता)।** किसान की जमीन पर रेत माफिया का कब्जा करने का मामला।मामला भिण्ड जिले के रौन थाना क्षेत्र के पढोरा गांव का है किसान अरविन्द सिंह की जमीन पर दबंग रेत माफियायो ने कब्जा कर लेने का मामला सामने आया है किसान अरविन्द सिंह ने पुलिस आला अधिकारी को आवेदन के माध्यम से सुचना दी है लेकिन पुलिस विभाग के आला अधिकारीयो ने किसान की कोई सुनवाई नही हुई है रेत माफियायो ने बंदूक कटटे नोक पर किसान को धमकी दी जा रही है लेकिन किसान ने प्रशासन से गुहार न्याय के लिए लगा रहा है किसान की सुनवाई नही की जा रही है किसान दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर किसान आखिर किसान अरविंद सिंह को कब मिलेगा न्याय आखिर कब जागेगा पुलिस प्रशासन विभाग।

**क्या कहना**-रौन तहसीलदार भोपाल गया हुआ है पीसी पर कल लारा जाएंगे मैं टीम बनाकर भेजूंगा।।

**आरए प्रजापति**

# केन्द्रीय बजट का एमपीसीसीआई ने किया स्वागत

**ग्वालियर।** केन्द्रीय वित्त मंत्री-श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा आज प्रस्तुत किये गये वर्ष 2021-22 के बजट का प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) द्वारा स्वागत किया गया है साथ ही, कुछ मांग भी की गई हैं। एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि वर्ष 2021-22 के बजट में केन्द्र सरकार द्वारा कोई नया कर नहीं लगाया गया है, यह स्वागत योग्य है। वहीं टैक्स रिअसेसमेंट 6 साल और गंभीर मामलों में 10 साल बाद भी केस खोले जा सकते थे, अब इसे घटाकर 3 साल किया जाना प्रशंसनीय है, गंभीर मामलों में भी जब एक साल में 50 लाख से ज्यादा की इनकम छिपाने की बात होगी, तभी केस खोले जा सकेंगे। सरकार द्वारा करदाताओं पर विश?वास जताना अच्छा कदम है। छोटे करदाताओं के विवाद निपटाने के लिए कमेटी का गठन, स्टार्टअप को आगामी एक साल तक टैक्स नहीं देने, चैरिटी संस्थाओं के लिए 5 करोड़ तक की आय कर मुक्त किए जाने, 95त्न डिजिटल ट्रांजेक्शन करने वालों के लिए टैक्स ऑडिट की छूट हेतु टर्नओवर 5 करोड़ से बढाकर 10 करोड़ किया जाना सराहनीय है। बजट में 3 करोड़ तक के टर्नओवर वाले एमएसएमई व रियल एस्टेट को कोरोना काल से उबारने के लिए राहत की अपेक्षा उद्यमियों द्वारा की जा रही थी जो कि पूर्ण नहीं हो सकी है। वहीं आयकर की सीमा न बढाये जाने पर निराशा हुई है। एमपीसीसीआई द्वारा शीघ्र ही पोस्ट बजट बैठक का आयोजन कर, बजट के विभिन्न पहलुओं को एक्सपर्ट के साथ समझकर केन्द्र सरकार को सुझाव प्रेषित किये जायेंगे।

### निक्की शर्मा को वर्ष की सबसे प्रभावशाली लेखिका का सम्मान पेपरविफ द्वारा



पेपरविफ द्वारा आयोजित वार्षिक साहित्य उत्सव 2020 में बिहार की निक्की शर्मा रश्मि को वर्ष 2020 की सबसे प्रभावशाली लेखिका के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान बैलकार्ट कविता के संस्थापक और एक प्रसिद्ध कवि चंद्रकांत रेडिकॉन द्वारा दिया गया। सम्मान के रूप में उन्हें ट्रोफी भेंट की गयी। निक्की शर्मा ने बताया पेपरविफ लेखकों पाठकों के लिए एक बेंचमार्क स्थापित कर रहा है और हमेशा रचनाकारों को अपने शब्दों के साथ मंच पर पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करता है। भाषा इसमें बाधा नहीं है। इस मंच पर आप हर भाषा में अपनी रचनाएं लिख सकते हैं। लेखकों के लिए बहुत ही बेहतरीन मंच है पेपरविफ। डॉ निक्की शर्मा रश्मि मूलतः बिहार भागलपुर की रहने वाली हैं और वर्तमान में मायानगरी मुंबई में रहकर लेखन से समाज को जागरुक करने का प्रयास निरंतर करती रहती हैं।डॉ निक्की शर्मा समाज को जागरूक करने के साथ-साथ पर्यावरण जागरूकता अभियान से भी जुड़ी हुई हैं जिसमें ÷ग्रीन इंडिया परिवार÷ और नीम,पीपल, तुलसी अभियान के तहत पर्यावरण के लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य निरंतर करती हैं।

# सोशल मीडिया के माध्यम से सवर रही है लोगों की जिंदगी

## गरीबों को मिल रही है मिशनों के माध्यम से आर्थिक सहायता

**दौसा( अर्पित गुप्ता)।** दौसा जिले के सिकराय तहसील के ग्राम बहरावण्डा में ढाणी बछेरिया निवासी कमलेश सैनी बहुत दिनों से बीमार चल रहे थे। जिनकी कुछ दिनों पूर्व मौत हो गयी। कमलेश सैनी की मौत होने के बाद उनकी पत्नी व परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से आस-पास के कुछ युवाओं द्वारा सोशल मीडिया पर मिशन चलाया गया, जिसमें सर्व समाज के माध्यम से 1,19,342 रुपए की राशि एकत्रित करके दिनांक 31 जनवरी, रविवार को पीड़ित परिवार को सौंपी गयी। इनमें से दो बच्चियों के नाम 80000 की एफडी करवाई गई तथा शेष राशि ?39,342 नगद दी गई। इसके साथ ही सिलाई मशीन श्री धर्मसिंह जी मीणा नारकोटिक्स निरीक्षिक गनीपुर सिकराय कोटा के द्वारा रोजगार के लिए एक सिलाई मशीन भी पीड़िता को भेंट की गयी। युवाओं द्वारा अब तक सैकड़ों परिवारों को सोशल मीडिया पर मिशन चलाकर सहारा



दिया गया। संवाददाता कवि कृष्ण कुमार सैनी ने बताया कि भागीरथ फुले सेना सेवा समिति,दौसा के द्वारा 1100 रु देकर मिशन का समापन करवाया और लोगों को अधिक से अधिक गरीब बेसहारा लोगों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुकेश नायक पूर्व सरपंच बहरावंडा, पायलट सैनी उपसरपंच बहरावंडा, कमलेश सैनी विद्युत विभाग, जय नारायण मीणा पूर्व सरपंच फरासपुरा, जयराम सैनी बहरावंडा संस्थापक भागीरथ फुले सेना सेवा समिति, हरकेश सैनी अध्यक्ष भागीरथ फुले सेना सेवा समिति, महेश भंडारी संस्था मंत्री, क्रांतिकारी चट्टान, गिर्राज प्रसाद सैनी श्च2स्त्र, रिंकू कुमार सैनी कुंडेरा डूंगर सिकराय, पवन कुमार सैनी व्यवस्थापक भागीरथ फुले सेना सेवा समिति, महेश मीणा ठेंगड़ा, कमलेश जोशी अचलपुरा आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।







VISION 2030

ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती

जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।

आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।

किराना का सामान सबसे सस्ता।

HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।

केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।

टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।

ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।

Only WHATSAPP 9425823988

call-9691937250/- 9516003221



## एक नजर...

## अब रेल यात्रियों को फिर से मिलने लगेगी यह सुविधा, रेलवे ने मांगी रिव्यू रिपोर्ट



**प्रयागराज।** फरवरी से ट्रेन यात्रियों को ठंड में ठिठुरना नहीं पड़ेगा। सफर के दौरान तकिया, चादर और कम्बल अपने साथ ले जाने के झंझटों से आजादी मिलेगी। रेलवे कोरोना की वजह से एसी कोचों में बंद बेडरोल की सुविधा बहाल करने की तैयारी कर रहा है। यात्रियों को यह बेडरोल ऑन डिमांड मिलेंगे या सभी यात्रियों को दिए जाएंगे, इस पर रेलवे बोर्ड मंथन कर रहा है। उम्मीद की जा रही है कि फरवरी अंत तक यह सुविधा फिर शुरू होगी। रेल से सफर करने वाले यात्री काफी समय से एसी कोच में बेडरोल सर्विस शुरू करने की मांग कर रहे थे। पिछ्ले वर्ष कोरोना महामारी के चलते रेलवे की ट्रेनें बंद पड़ गईं। अनलॉक के बाद रेलवे ने धीरे-धीरे ट्रेनों का संचालन शुरू किया जो जनवरी 2021 तक पटरी पर आ सका। अभी भी रेलवे में नियमित ट्रेनों का संचालन नहीं हो सका है लेकिन कड़ाके की ठंड को देखते हुए रेलमंत्रालय ने सभी मुख्यालय से ट्रेनों में बेडरोल की सुविधा बहाल करने के लिए रिव्यू रिपोर्ट मांगी थी। जिस पर मंडलों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट भेज दी है। लिहाजा, यह साफ है कि रेलवे एसी कोच के यात्रियों को मिलने वाले बेडरोल की सुविधा जल्द बहाल करने जा रहा है। उधर, ठंड को देखते हुए कई रेल अफसरों समेत यात्रियों को इन दिनों एसी कोच में इसकी जरूरत महसूस हो रही है। लेकिन, कोरोना के चलते बेडरोल नहीं दिए जा रहे हैं। रेलवे की लांड्री भी बंद पड़ी है। लांड्री शुरू कर सुविधा बहाल करने में रेलवे को कम से कम 15 दिन का अतिरिक्त समय लगेगा। बेडरोल की डिमांड देखते हुए रेलवे के लिए फिलहाल यह घाटे का सौदा है। ऐसे में रेलवे बोर्ड ने अलग-अलग मंडलों से डिमांड के मुताबिक नये मॉडल को लाने के लिए प्रतिक्रिया मांगी, जिसे भेजा जा चुका है।

**नए मॉडल पर हो सकती है शुरुआत**-बेडरोल एसी कोच यात्रियों को मिलते हैं। ट्रेन में यात्रियों की सीट पर इन्हें रखा जाता है। अधिकांश यात्री बेडरोल का इस्तेमाल भी नहीं करते। इतर, अधिकांश यात्री बेडरोल के साथ मिलने वाले चादर और तौलिया अपने साथ ले जाते हैं जिससे रेलवे को लंबी चपत लगती है। रेलवे के सूत्र बताते हैं कि इस सुविधा को ऑन डिमांड करते हुए नए मॉडल पर बेडरोल सर्विस दी जाएगी।

**बेडरोल में क्या-क्या होता है**-एसी कोच में यात्रियों को बेडरोल में सीट के ऊपर बिछाने और ओढ़ने के लिए दो चादर, एक चेहरा साफ करने वाला तौलिया, एक तकिया कवर और एक कंबल रहता है। इसे एक पैकेट में पैककर रखा जाता है।

**कमेटी कर रही रिव्यू**-उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ अजीत कुमार ने कहा कि एसी ट्रेनों में कोविड-19 को देखते हुए बेडरोल देना अस्थायी रूप से बंद किया गया था। बेडरोल सर्विस पर रिव्यू किया जा रहा है। बोर्ड ने रिव्यू कमेटी बनायी है जो इस पर मंथन कर रही है।

## चार लोगों की मदद से पत्नी ने पेट्रोल डालकर पति को जिंदा जलाया



**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में पहाड़पुर खुर्द गांव के बाहर ससुरालियों ने एक युवक के साथ मारपीट की और पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया। गंभीर हालत में युवक को उसके घर के बाहर छोड़कर आरोपी फरार हो गए। घायल युवक ने रविवार की सुबह निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी, ससुर समेत चार नामजदों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। मृतक का पत्नी से विवाद चल रहा था।

पहाड़पुर खुर्द निवासी सुरेशचंद्र ने सोरों कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि बीते शनिवार की शाम 6~30 बजे उसका 25 वर्षीय बेटा अपने घर पर था। तभी गांव के हेमंत उसे अपने साथ बुलाकर गांव के बाहर ईंट भट्टे पर पथाई का कार्य कर रहे अमित के ससुरालियों के पास ले गया। यहां राकेश, हेमंत, उसकी पत्नी संगीता, ससुर रामस्वरूप ने उसके बेटे अमित के साथ लाठी डंडों से मारपीट की और उसके बाद पेट्रोल छिड़ककर उसे आग लगा दी। गंभीर हालत में अमित को चारपाई पर डालकर उसके घर के बाहर छोड़कर आरोपी फरार हो गए। अमित को गंभीर हालत में सोरों सीएचसी से रेफर कर दिया गया। रविवार की सुबह करीब 7 बजे अमित ने निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। नामजद सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरु कर दी है।

**जला हुआ देख मचा कोहराम**-जैसे ही जले हुए हाल में अमित को चारपाई पर आरोपी उसके गांव बहाड़पुर छोड़कर गये, वैसे ही उसके परिजन दौड़कर बाहर आ गये। तब तक आरोपी वहां से निकल चुके थे। पीड़ित पिता सुरेशचंद्र ने बताया कि हम लोग पहले अमित को सरकारी चिकित्सालय लेकर पहुंचे और उसे भर्ती कराया। वहां से अच्छे इलाज के लिए निजी ट्रामा सेंटर पर लेकर भर्ती कराया। जहां उसके पुत्र ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**पत्नी से हुआ था विवाद**-पुलिस के मुताबिक पति युवक अमित अपने पत्नी संगीता को लिवाकर लाने के लिए गया था। इसी दौरान पत्नी के आने को लेकर पति पत्नी में विवाद होने की बात सामने आई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि, घटना को अंजाम देने वाले में आरोपी रामस्वरूप ससुर है जबकि दो अन्य आरोपी राकेश उर्फ बंटी और हेमंत संगीता के फुफेरे बहनोई हैं। इन दोनों रिश्तेदारों पर अमित को घर से बुलाकर ससुराल वालों के पास ले जाने का आरोप है।

**पुलिस की ताबड़तोड़ दबिशें जारी**-युवक को ससुराल पक्ष के लोगों की मदद से पेट्रोल से जिंदा जलाये जाने की घटना को लेकर पुलिस में भी हड़कंप मच गया। पुलिस रात से इस मामले में सक्रिय हो गई। सोरों पुलिस ने सुबह परिजनों की ओर से जानकारी करने के बाद आरोपियों की तलाश करनी शुरू कर दी। पुलिस ने दबिश देकर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे घटना के बारे में पूछताछ करने के साथ ही उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

## मध्य प्रदेश में कोरोना वायरस के 226 नए मामले

# मौत का आंकड़ा 3800 के पार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 226 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही प्रदेश में इस वायरस से अब तक संक्रमित हुए लोगों की कुल संख्या 255112 पहुंच गई। राज्य में पिछ्ले 24 घंटों में इस बीमारी से तीन और व्यक्तियों की मौत की पुष्टि हुई है जिससे मरने वालों की संख्या 3810 हो गई है।

मध्य प्रदेश के एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, पिछ्ले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण से भोपाल, ग्वालियर और दमोह में एक-एक मरीज की मौत की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया, राज्य में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण से सबसे



अधिक 924 मौत इंदौर में हुई हैं, जबकि भोपाल में 611, उज्जैन में 104, सागर में 149, जबलपुर में 251 एवं ग्वालियर में 226 लोगों की मौत हुई हैं। बाकी मौतें अन्य जिलों में हुई हैं। अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में रविवार को कोविड-19 के 57 नए मामले इंदौर में आए, जबकि भोपाल में 54 नए मामले आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 255112 संक्रमितों में से अब तक 248637 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गए हैं और 2665 मरीज़ों का इलाज विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। अधिकारी ने बताया कि रविवार को 318 रोगियों को ठीक होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मध्य प्रदेश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान के तहत अब तक प्रदेश में 2,98,761 लोगों को टीका लगाया जा चुका है।

## अखिलेश ने सरकार से की अपील-बजट में करें राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए प्रावधान



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संसद में बजट 2021 पेश होने से पहले सोमवार सुबह एक ट्वीट के जरिए केंद्र सरकार से अपील की। अखिलेश ने सरकार से अनुरोध करते हुए अपने ट्वीट में लिखा कि बजट में देश की एकता, सामाजिक सौहार्द और अभिव्यक्ति की आजादी के लिए प्रावधान करें। मोदी सरकार आज यानी एक फरवरी को आम बजट पेश कर रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज 11 बजे से अपना लगतार तीसरा बजट पेश कर रही हैं। संसद में बजट पेश होने से पहले केंद्रीय कैबिनेट की एक बैठक हुई, जिसमें उसे मंजूरी मिली। इसके बाद टैबलेट के जरिए वित्त मंत्री बजट पेश कर रही हैं। माना जा रहा है कि कोरोना की वजह से सुस्त पड़े अर्थव्यवस्था को निर्मला सीतारमण आज आर्थिक टीका देंगी। भाजपा सरकार से बस इतनी गुज़ारिश है कि वो इस बार बजट में देश की एकता, सामाजिक सौहार्द, किसान-मज़दूर के सम्मान, महिला-युवा के मान और अभिव्यक्ति की आज़ादी की पुनर्स्थापना के लिए भी कुछ प्रावधान करे क्योंकि भाजपा की विघटनकारी नीतियों से ये सब बहुत खंडित हुआ है। इस बजट से उम्मीद की जा रही है कि इसमें महामारी से पीड़ित आम आदमी को राहत दी मिलेगी। साथ ही स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे और रक्षा पर अधिक खर्च के माध्यम से आर्थिक सुधार को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान दिये जाने की भी उम्मीद की जा रही है। यह एक अंतरिम बजट समेत मोदी सरकार का नौवां बजट होने वाला है। यह बजट ऐसे समय पेश हो रहा है, जब देश कोविड-19 संकट से बाहर निकल रहा है। इसमें व्यापक रूप से रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास पर खर्च को बढ़ाने, विकास योजनाओं के लिये उदार आवंटन, औसत करदाताओं के हाथों में अधिक पैसा डालने और विदेशी कर को आकर्षित करने के लिये नियमों को आसान किये जाने की उम्मीद की जा रही है।



## बालाघाट में नक्सलियों ने मचाया हुड़दंग तीन वाहनों को किया आग के हवाले

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश में बालाघाट जिले के लांजी पुलिस थाना इलाके में नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य को बाधित करने के मकसद से उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में सड़क संपर्क परियोजना (आरसीपीएलडब्लूई) के अंतर्गत काम में लाए जा रहे तीन वाहनों में आग लगा दी। बालाघाट जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया है कि बालाघाट जिला मुख्यालय से करीब 90 किलोमीटर दूर देबरवेली मलकुआं मार्ग पर आरसीपीएलडब्लूई अंतर्गत पिछ्ले कुछ दिनों से सड़क निर्माण का काम चल रहा था। उन्होंने कहा कि शनिवार की रात लगभग 11 बजे 10-12 सशस्त्र नक्सलियों ने सड़क निर्माण कार्य को बाधित करने के मकसद से निर्माण में उपयोग किए जा रहे तीन वाहनों को जला दिया। इनमें दो ट्रैक्टर एवं एक ट्रक शामिल है। उन्होंने कहा कि इस घटना में बालाघाट जिले में सक्रिय टांडा और मलाजखंड दलम के नक्सलियों का हाथ हो सकता है। तिवारी ने बताया, वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस दल जंगल में उनकी तलाश करने के लिए गये हैं। चार दल जंगल में तलाश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, बालाघाट जिले के सभी थाना और चौकियों में अलर्ट घोषित कर दिया गया है। तिवारी ने बताया कि देबरवेली मलकुआं मार्ग का निर्माण रायपुर के ठेकेदार संजय अग्रवाल द्वारा कराया जा रहा है। जलाये गये तीनों वाहन अग्रवाल के सहयोगी दिलीप पटेल लांजी के हैं और ठेकेदार ने इनको किराये पर लिया था। उन्होंने कहा कि जब यह वारदात हुई, उस वक्त ये तीनों वाहन कैंप में खड़े थे। तिवारी ने बताया कि नक्सली कैंप में आये और उन्होंने वहां मौजूद अग्रवाल के सुपरवाइजर को भगा दिया और इन वाहनों को आग के हवाले कर दिया।

## फिरोजाबाद में दो बच्चे अगवा तलाश में जुटीं पुलिस की पांच टीमें

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में दो बच्चों के अगवा होने की आशंका से हड़कंप मच गया है। पुलिस की पांच टीमें बच्चों की तलाश में लगाई गई हैं। बच्चों का पता लगाने के लिए खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिय किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को दिन में छह वर्षीय प्रेम और तीन वर्षीय योगेश अचानक गायब हो गए। उनके पिता का नाम कुणाल है। फिरोजाबाद के थाना दक्षिण के भीमनगर में हुई इस घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी जांच-पड़ताल की। बच्चों के पिता कुणाल ने उनके अपहरण की आशंका जताई है। बताया जा रहा है कि कोई लड़का टॉफी दिलाने के बहाने उन्हें फुसलाकर अपने साथ ले गया। शुरुआती जांच-पड़ताल के बाद एसएसपी अजय कुमार पांडेय ने बताया कि एक दुकान पर इन दोनों बच्चों को किसी युवक के साथ देखा गया है। वह इन्हें टॉफी दिलवा रहा था। उस दुकान के बाद बच्चे कहां गए इसकी जांच की जा रही है।

## अचानक आग का गोला बनी रोडवेज की बस

# शीशा तोड़कर सुरक्षित निकाले गए ड्राइवर-कंडक्टर

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में राजस्थान की एक बस सोमवार को अचानक आग का गोला बन गई। यह बस थाना बन्नादेवी क्षेत्र के सारसौल स्थित सैटेलाइट रोडवेज बस स्टैंड में रेन बसेरे के पास खड़ी थी। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त ड्राइवर और कंडक्टर बस के अंदर ही सो रहे थे। आग लगने के समय आसपास मौजूद लोगों ने बस का शीशा तोड़कर किसी तरह उनकी जान बचाई। उन्हें सकुशल बाहर निकाला। आग में टिकट मशीन, टीजर बुक, टिकट और कंडक्टर का बैग, कैश सहित जल गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देखकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। उन्होंने तत्काल फायर बिग्रेड को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही तीन दमकल गाड़ियां लेकर पहुंचे फायर बिग्रेड के कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए। इस दौरान बस स्टेशन पर अफरातफरी मची रही। राजस्थान



जयपुर डीलक्स डिपो की यह बस डबल डेकर स्लीपर है। यह रात को 11 बजे जयपुर से चलती है। सुबह साढ़े छह बजे के करीब अलीगढ़ पहुंचती है। अलीगढ़ से जयपुर के लिए दोपहर साढ़े 12 बजे रवाना होती है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह बस ड्राइवर रमेश प्रजापति और कंडक्टर दान सिंह बस की सवारियों को उतार कर बस बंद कर उसके अंदर ही सीट पर सो गए। सुबह करीब साढ़े आठ बजे अचानक बस में आग लग गई। थोड़ी ही देर में बस से आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। बस स्टैंड पर उस वक्त मौजूद कर्मचारियों ने अंदर सो रहे ड्राइवर-कंडक्टर को शोर मचाकर जगाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं जागे। तब लोगों ने बस के शीशे तोड़कर दोनों को सकुशल बाहर निकाला। फायर बिग्रेड कर्मचारियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। फायर बिग्रेड के मुताबिक प्रथमदृष्ट्या आग लगने की वजह शार्ट सर्किट लग रहा है लेकिन इस बारे में पुख्ता तौर पर जांच के बाद ही पता चल सकेगा।

## यूपी में आज से तीन दिनों तक मनाया जाएगा पीएम किसान समाधान दिवस

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़ी किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रदेश भर में पहली फरवरी से तीन दिनों तक ''पीएम किसान समाधान दिवस मनाया जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में कल से अभियान चलाकर तीन दिवसीय 'पीएम किसान समाधान दिवस' आयोजित किया जा रहा है। यह समाधान दिवस मुख्य रूप से इनवैलिड आधार और आधार के अनुसार नाम सही कराने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में शासन द्वारा सभी जिलाधिकारियों को पूर्व में निर्देश जारी किए जा चुके हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि पीएम किसान समाधान दिवस के माध्यम से ऐसे किसान, जिनका आधार नम्बर गलत होने के कारण अथवा आधार के अनुसार नाम सही न होने के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ नहीं ले पा रहे हैं, वे दिनांक एक से तीन फरवरी के मध्य कार्यालय अवधि में अपने विकास खण्ड के राजकीय बीज गोदाम पर आधार कार्ड व बैंक खाते के विवरण के साथ पहुंच कर अपना डाटा ठीक करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त अन्य समस्या होने पर भी किसान समाधान दिवस में मदद प्राप्त कर सकते हैं। श्री शाही ने बताया कि जिन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत कम से कम एक किश्त प्राप्त हुई है, किन्तु उनका आधार संख्या या नाम त्रुटिपूर्ण है, तो ऐसे किसानों का विवरण संबंधित बैंक से प्राप्त कर, उनका शत प्रतिशत सत्यापन करा कर डाटा दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि किसानों के कल्याण के लिए संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आधार आथेन्टिकेशन अनिवार्य होने के कारण काफी संख्या में ऐसे किसानों, जिनका आधार संख्या इनवैलिड है अथवा आधार कार्ड में उल्लिखित नाम के अनुसार डाटा बेस में नाम फीड नहीं हुआ है, उनकी किसान सम्मान निधि का भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा रोक दिया गया है। ऐसे प्रकरणों के निस्तारण के लिए ''पीएम किसान समाधान दिवस'' के रूप में 03 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है।



## माई बार के गेट पर नशे में युवक-युवतियों में जमकर मारपीट

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के माई बार में रविवार देररात नशे धुत युवक-युवतियों में जमकर मारपीट हुई। वायरल में वीडियो में युवक युवती लड़ाई करते दिख रहे हैं। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी है। विभूति खंड में समिट बिल्डिंग स्थित माई बार में रविवार रात गेट पर अचानक बवाल शुरू हो गया। एक युवक को युवतियों ने मारना शुरू कर दिया। युवक ने युवती को धक्का दे दिया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने युवक की पिटाई शुरू कर दी। सूचना के बाद पुलिस जब तक मौके पर पहुंचती तक सभी घटनास्थल से भाग चुके थे। पुलिस ने मामले में बार गेट पर मौजूद करीब आधा दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## यूपी पंचायत चुनावः आरक्षण फार्मूले में देरी से दावेदार परेशान

# चुनाव लड़ पाएंगे या नहीं यहीं जानने को परेशान

**सहारनपुर।** पंचायत चुनाव को लेकर आरक्षण तय होने में हो रही देरी ने दावेदारों की धड़कनें बढा दी हैं। आरक्षण फॉर्मूला आने में अभी 15 दिन और लगेंगे लेकिन, सत्ता के गलियारों से आ रही खबरों के अनुसार, आरक्षण के चलते इस बार दिग्गजों को झटका लगना तय है। पंचायतीराज मंत्री के ही अनुसार, 70 प्रतिशत सीटों पर बदलाव हो सकता है।

उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनव होने की तैयारी जोरों पर चल रही है। गांव गांव दावेदारों की लंबी सूची हैं। कुछ खुलकर सामने आ गए है तो कुछ दबी जुबान में तैयारी कर रहे है। लेकिन सभी की एक नजर आरक्षण के फार्मूला पर लगी हैं। हालांकि ज्यादातर दावेदारों के पास बी-प्लान भी हैं कि मेरा नहीं आया तो तेरा सही। एक दूसरे का समर्थन करने की भी बुनियाद तैयार की जा रही हैं। समर्थक भी असमंजस में हैं और कोई किसी को नाराज नहीं कर रहा हैं। लेकिन इंतज़ार जितना बढ़ता जा रहा हैं, दावेदारों की धड़कनें उतनी ही तेज होती जा रही हैं। 2015 में ग्राम पंचायतों में आरक्षण शून्य किया गया था। जो भी बड़ी वजह है कि उम्मीदवारों की उलझन और ज्यादा बढ़ गई है।

**पश्चिम यूपी में किसानों के सहारे चुनाव की तैयारी**-किसान आंदोलन और भाकियू के राष्ट्रीय




प्रवक्ता राकेश टिकैत की आंखों में आंसुओं ने अचानक सभी पार्टियों के एजेंडे में किसानों को शामिल कर दिया है। पार्टियों ने किसानों के सहारे ही पंचायत चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयंत चौधरी ने तो मथुरा की पंचायत में ऐलान कर दिया कि पंचायत चुनाव में जिला पंचायत में हर एक सदस्य किसान को चुना जाए। उधर, कई अन्य पार्टियों ने भी तैयारी तेज कर दी है। किसान आंदोलन के बीच अब तेजी से पंचायत चुनाव की तैयारी चल रही है। भाजपा, सपा, कांग्रेस, रालोद, बसपा ने तो तैयारी शुरू कर ही दी है। अब किसानों के मामले को लेकर अपना दल(एस), राष्ट्रीय एकता पार्टी, आजाद समाज पार्टी, बहुजन मुक्ति पार्टी समेत कई पार्टियां भी सामने आ गई हैं। गांव-गांव प्रचार किया जा रहा है। किसानों के नाम पर गांव-गांव में अब संभावित प्रत्याशी तय किये जा रहे हैं। भाजपा की ओर से अब जिला प्रभारियों की घोषणा कर कार्रवाई तेजी से की जा रही है। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मेरठ और सहारनपुर मंडल का जायजा ले चुके हैं। शनिवार को मथुरा में रालोद की किसान पंचायत के बाद तो किसानों की गांवों में गतिविधि तेज हो गई है। मेरठ और सहारनपुर मंडल में तो बड़ी पार्टियों के बीच चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी और जकी अहमद की राष्ट्रीय एकता पार्टी ने गांव-गांव अभियान शुरू कर दिया है। इन पार्टियों के नेताओं का कहना है कि अब तो पंचायत चुनाव में ही ताकत दिखानी है। साफ है कि बड़ी पार्टियों के साथ ही छोटी पार्टियों ने भी किसानों को एजेंडे में शामिल कर पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।

## सम्पादकीय

### तेज पिघलती बर्फ

धरती पर प्राकृतिक रूप से जमी बर्फ का पिघलना अगर तेज हुआ है, तो यह न केवल विचारणीय, बल्कि चिंताजनक भी है। विगत कुछ दशकों में धरती के बढ़ते तापमान अर्थात ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के कुछ प्रयास होते दिख रहे हैं, लेकिन तब भी बर्फ का पिघलना रुकना तो दूर, तेज होता जा रहा है। द क्रायोस्फीयर जर्नल में प्रकाशित शोध में पाया गया है कि 1994 और 2017 के बीच पृथ्वी ने 28 ट्रिलियन टन बर्फ खो दी है। पूरे ग्रह में बर्फ के पिघलने की दर तेजी से बढ़ रही है। वर्ष 1990 में 0.8 ट्रिलियन टन बर्फ प्रतिवर्ष पिघल रही थी, लेकिन 2017 में प्रतिवर्ष 1.3 ट्रिलियन टन बर्फ पिघलने लगी है। अगर दुनिया में बर्फ को पिघलने से रोकने के प्रयास हो रहे हैं, तो फिर बर्फ का पिघलना भला क्यों तेज हुआ है? धरती को हो रहा यह नुकसान महज कागजी हिसाब-किताब पर आधारित नहीं है। ब्रिटेन के लीड्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं की टीम ने सैटेलाइट से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग करते हुए बर्फ के नुकसान का ठोस अनुमान लगाया है। इस अध्ययन से यह भी पता चलता है कि कुल 23 साल के सर्वेक्षण में बर्फ के नुकसान की दर में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बर्फ का पिघलना एक पूरी विनाश श्रृंखला का हिस्सा है। संक्षेप में अगर कहें, तो बर्फ के पिघलने से ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा मिलता है और ग्लोबल वार्मिंग से बर्फ का पिघलना तेज होता है। अतः परस्पर जुड़े इस सिलसिले को तोड़ना जरूरी है। बहुत से लोग अभी भी बर्फ के पिघलने को हल्के से लेते हैं, जबकि यह खतरा बहुत गंभीर और बड़ा है। बर्फ के पिघलने से समुद्र का जल स्तर बढ़ जाता है, जिससे तटीय क्षेत्र मुश्किल में पड़ते हैं। अनेक द्वीपों पर जीव-जीवन खतरे में पड़ता है, क्योंकि उनके प्राकृतिक आवास को नुकसान पहुंचता है। हम अक्सर पढ़ते रहते हैं कि यह द्वीप या देश आने वाले दशकों में डूब जाएगा, लेकिन वास्तव में इसकी गंभीरता को हममें से ज्यादातर लोग समझ नहीं पा रहे हैं। आज दुनिया अंतरिक्ष विज्ञान पर बहुत खर्च कर रही है, चांद-मंगल पर बस्ती बसाने का सपना है, लेकिन वैसा ही जुनून धरती को बचाने के लिए भी होना चाहिए। इस नुकसान पर गौर करना होगा। खासकर अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड में ध्रुवीय बर्फ की चादर खत्म होती जा रही है, नतीजा पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। लीड्स विश्वविद्यालय के रिसर्च फेलो थॉमस स्लेटर कहते हैं, 'हमने हर क्षेत्र में बर्फ के नुकसान का अध्ययन किया है, लेकिन अंटार्कटिका व ग्रीनलैंड में पसरी बर्फ की चादरों को सबसे तेज और गहरा नुकसान हुआ है। वातावरण और महासागरों का गरम होना तेज हो रहा है। वातावरण व महासागरों का तापमान प्रति दशक क्रमशः 0.26 और 0.12 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ रहा है। अब इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं रही कि दुनिया को अपने बचाव के लिए जितना गंभीर होना चाहिए, वह नहीं है। अमेरिका के पिछले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हमने जलवायु संबंधी अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते देखा था। वहां अब जो नई सरकार बनी है, वह जलवायु परिवर्तन को लेकर ज्यादा संवेदनशील प्रतीत हो रही है। बेशक, अमेरिका जैसे विकसित देश पर सर्वाधिक जिम्मेदारी है। धरती का दोहन नहीं रुक सकता, लेकिन धरती के साथ हो रहे अत्याचार को तत्काल रोकना चाहिए।

# आर्थिक उम्मीदें

**कोरोना ने जिस तरह से अर्थव्यवस्था को समेटा है, उसके मद्देनजर आर्थिक सर्वेक्षण एक बेहतर इशारा हो सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया है कि हमारी विकास दर चीन से भी ज्यादा रहेगी। पिछले दिनों ऐसी ही संभावना का इजहार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी किया था। वित्त वर्ष 2022 में वास्तविक जीडीपी विकास दर का अनुमान 11 प्रतिशत पर रखा गया है, तो कोई आश्चर्य नहीं। अभी जारी वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 7.7 प्रतिशत नकारात्मक रहने का अनुमान है, यह अनुमान भी पहले ही सामने आ चुका था। कोरोना के समय पेश अनेक पैकेज और रिपोर्ट का भी इशारा यही था।**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण 2021 में जहां चिंता के अनेक पहलू हैं, तो दूसरी ओर, कुछ खुशनुमा संभावनाएं भी हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार के वी सुब्रमण्यन की टीम द्वारा तैयार आर्थिक सर्वेक्षण में अपेक्षाकृत ईमानदारी झलकती है और यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि यह ऐसा दौर नहीं, जब विकट आर्थिक स्थितियों को छिपाने की अनावश्यक कोशिश की जाए। कोरोना ने जिस तरह से अर्थव्यवस्था को समेटा है, उसके मद्देनजर आर्थिक सर्वेक्षण एक बेहतर इशारा हो सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया है कि हमारी विकास दर चीन से भी ज्यादा रहेगी। पिछले दिनों ऐसी ही संभावना का इजहार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी किया था। वित्त वर्ष 2022 में वास्तविक जीडीपी विकास दर का अनुमान 11 प्रतिशत पर रखा गया है, तो कोई आश्चर्य नहीं। अभी जारी वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 7.7 प्रतिशत नकारात्मक रहने का अनुमान है, यह अनुमान भी पहले ही सामने आ चुका था। कोरोना के समय पेश अनेक पैकेज और रिपोर्ट का भी इशारा यही था। वित्त वर्ष 2021-22 में जीडीपी के सकारात्मक होने की संभावना मजबूती से दर्शाई गई है। यह लक्ष्य थोड़ा मुश्किल लगता है, क्योंकि वित्त वर्ष 2020-21 में सेवा और विनिर्माण क्षेत्र नकारात्मक रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण ने संकेत कर दिया है, सेवा और विनिर्माण क्षेत्र में विकास की रफ्तार लौटाना जरूरी है। आगामी बजट में अगर इन क्षेत्रों में पुनरोद्धार और प्रोत्साहन की कोशिश होती है, तो अचरज नहीं। सरकार तो यही अनुमान लगा रही है कि अगले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में पूरा सुधार देखने को मिलेगा, लेकिन



सुधार देखने के लिए सरकार को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन, निवेश, निगरानी और नवाचार पर अपना ध्यान केंद्रित करना होगा। विकास में बिना उपाय तेजी नहीं आएगी। गौरतलब है कि दुनिया की दूसरी अर्थव्यवस्था में दिए गए पैकेज के नतीजे साफ तौर पर दिखे हैं, मगर भारत में दिए गए पैकेज के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से सिमटी है। खासतौर पर सरकार को निवेश बढ़ाने के उपायों पर जोर देना पड़ेगा। कर्ज को आसान बनाना होगा। जरूरी होगा कि केंद्र सरकार ही नहीं, राज्य भी इस दिशा में अपने-अपने बजट में ठोस उपाय करें और लक्ष्य पाने के लिए जुट जाएं। अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीदें केवल अनुमान भर न रहें। विकास की रफ्तार लौटाने के लिए युवाओं को रोजगार और उद्यम में लगाना होगा। सही है कि भारत का वित्तीय आधार मजबूत है, मुद्रा भंडार भी शानदार है, लेकिन जमीन पर सकारात्मक असर देखने का इंतजार पूरे देश को है। अच्छी बात है कि 23 दिसंबर, 2020 तक सरकार ने 41,061 स्टार्टअप्स को मान्यता दी है। देश भर में 39,000 से ज्यादा स्टार्टअप्स के जरिए 4,70,000 लोगों को रोजगार मिला है। कृषि क्षेत्र में सुधार के लक्षण हैं और कृषि निर्यात भी बढ़ा है। जिन उत्पादों में निर्यात तेजी से बढ़ा है, उन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था में तेज सुधार के लिए लंबा रास्ता लेने के बजाय जल्दी में हम सुधार के लिए क्या कर सकते हैं, इसे प्राथमिकता से देखना चाहिए। आगामी बजट में मूलभूत ढांचा और सामाजिक क्षेत्र में ज्यादा आवंटन की उम्मीद गलत नहीं है, लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार।

## बहार के नए जनादेश से आगे की दास्ताँ

इन पंक्तियों के लिखे जाने तक अंतिम परिणाम आने शेष हैं पर यह साफ़ हो चुका है कि बिहार की जनता ने जनार्दन की भूमिका निभाते हुए एक बार फिर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की झोली में सत्ता की सौग़ात डाल दी है। यह जीत उसके भागीदारों को पुलकित भले ही करे पर यह जनादेश कुछ अनकहे संदेश भी सत्तासदन को सौंप गया है। सवाल उठ रहे हैं कि जीतने वाले कितना जीतेऔर हारने वाले कितना हारे? जवाब के लिए हमें जनादेश की परतें उघाड़नी होंगी।नीतीश कुमार का जनता दल यूनाइटेड (जदयू) पहले के मुकाबले 29 सीटें कम पाकर, 42 सीटों पर सिमट कर रह गया है। इसलिए यह उनकी नहीं बल्कि एनडीए की जीत है। बताने की जरूरत नहीं कि ।4 सीटें पाकर भारतीय जनता पार्टी अब 'बड़े भाई' की भूमिका में आ गई है। सियासत न जाने कब बड़े को छोटा और छोटे को बड़ा बना देती है? ऐसे में क्या नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनना स्वीकार करेंगे? फैसला उनको करना है, क्योंकि भाजपा स्पष्ट कर चुकी है कि ज्यादा सीटें पाने के बावजूद वह नीतीश कुमार को ही मुख्यमंत्री की कुरसी पर बैठा देखना चाहती है। एक सवाल यह भी उठता है कि इतनी बड़ी पार्टी के तौर पर उभरा भगवादल क्या 2024 का लोकसभा चुनाव भी नीतीश कुमार को आगे कर लड़ना चाहेगा? इसका जवाब भले ही भविष्य के गर्भ में हो पर अक्सर अतीत के दिशा संकेतों से आगत के अंदेशे उभरते हैं। आंकड़े चीख-चीखकर कह रहे हैं कि खुद को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हनुमान बताने वाले चिराग पासवान ने जदयू का आलोक फीका कर दिया। उन्होंने अपने अधिकतर प्रत्याशी उसके उम्मीदवारों के खिलाफ उतारे और कम से कम 30 सीटों पर उन्हें सांघातिक चोट पहुंचाई। यदि चिराग एनडीए के साथ चुनाव लड़ रहे होते, तो तस्वीर कुछ और होती। अब देखना यह है कि इस कारगुजारी के बावजूद क्या भारतीय जनता पार्टी केन्द्र की सत्ता में उन्हें हिस्सेदारी सौंपना चाहेगी? यदि वे अपने पिता रामविलास पासवान के निधन से खाली हुई सीट को भरते हैं, तो लोकसभा चुनावों को लेकर उठ रही आशंकाओं को नए पर मिल जाएंगे। अब आते हैं तेजस्वी पर। यह एक खुला सच है कि 2015 का विधानसभा चुनाव राजद और जदयू ने मिलकर लड़ा था। तब लालू यादव खुद गठबंधन की अगुवाई कर रहे थे। इस बार वे जेल में थे। यकीनन, सारा दारोमदार अकेले तेजस्वी पर था। इस बार उनके साथ नीतीश कुमार जैसा पार्टनर नहीं था और इस खालीपन को वे कांग्रेस एवं वामदलों से पूरा करना चाहते थे।

## पैतृक संपत्ति पर बेटी का अधिकार कितना सही ?



ससुराल में बहु होने के कारण हिस्सा होने के बाबजूद एक बेटी का अपने पिता की जमीन जायदाद में हक मांगना कहाँ तक सही है ?विचारणीय विषय है ये कि पैतृक सम्पत्ति पर बेटी को अधिकार मिले ये कानून तो बन गया, मगर अधिकार मिले या नहीं? यह एक ऐसा सवाल है जिससे अभी तक बहुत सी महिलाएं जूझ रही है। कोई भी समाजिक कार्य, धार्मिक अनुष्ठान,या परिवारिक उत्सव हो बेटियों का एक विषेश महत्त्व है। बेटियों को मान-सम्मान देना हमारी संस्कृति में है। बेटी का पैतृक सम्पत्ति में समान अधिकार लेना कोई आसान बात नहीं, कोर्ट कचहरी के चक्कर में एक उम्र खत्म हो जाती है, इसलिए सरकार ने हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के तहत बेटियों के अधिकार के लिए कानून बनाया। क्योंकि पैतृक संपत्ति में अधिकार के लिए कानून से पहले समाज की जंग को भी जीतना पड़ता है, हमारा समाज ऐसा है कि महिलाओं के प्रति सहर्ष किसी बात को स्वीकार नहीं करता। 1956 में बना पैतृक संपत्ति के अधिकार का 2005 में संशोधन किया गया, जिसके तहत पैतृक संपत्ति पर बेटी और बेटे का बराबर का अधिकार होगा, चाहे बेटी विवाहिता है या अविवाहिता। लेकिन उसमें अभी तक यह स्पष्ट नहीं था कि अगर पिता की मृत्यु 2005 से पहले हुई हो, या बेटी का जन्म 2005 से पहले हुआ है तो क्या तब भी बेटी पैतृक सम्पत्ति की अधिकारी है या नहीं ? क्योंकि कानून पास होने पर जब कोई बेटी रिश्तों की परवाह ना करते हुए पैतृक संपत्ति पर अधिकार जताती थी तो यह अड़चन आती थी कि यह कानून रेट्रोस्पेक्टिवली यानि बीते समय में लागू होगा या नहीं। 11अगस्त 2020को सुप्रीम कोर्ट ने मुग़ालते में जी रहे समाज में चेतना लाने के लिए हिन्दू उत्तराधिकार की पुनर्व्याख्या की। और अहम फैसले में कहा कि भले ही पिता की मृत्यु इस कानून के लागु होने से पहले हुई हो फिर भी पैतृक सम्पत्ति पर बेटी का अधिकार होगा। लेकिन पिता की स्वअर्जित सम्पत्ति पर अधिकार पिता की इच्छा से है। पैतृक संपत्ति चार पीढ़ियों की सम्पत्ति पर बेटी-बेटे का बराबर का अधिकार है। यदि पिता की कोई सम्पत्ति स्वअर्जित है तो वो पिता की इच्छा पर निर्भर है कि वो अपनी सम्पत्ति किसे दे, इस पर बेटी का कोई कानूनन अधिकार नहीं। बिलासपुर हाईकोर्ट ने कोल इंडिया को आदेश जारी किया कि वो पिता पर आश्रित बेटियों को पिता की मृत्यु पश्चात अनुकंपा के आधार पर नौकरी दे, लेकिन इसके लिए भी उसे बहन-भाइयों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। कभी ऐसा भी होता है कि जब कोई बेटी अपने में समर्थ हो तो वो खुद ही पैतृक संपत्ति का अधिकार छोड़ देती है, और कोई सब कुछ होते हुए भी लालच वश पैतृक सम्पत्ति पर अधिकार जमाती है, जो कि कभी वो देने की हालात में भी नहीं होते। इस तरह जैसे सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी तरह इस कानून पर भी लोगों की दो राय हैं, किसी की नज़र में ये सही और किसी की नज़र में ये ग़लत। अगर सही इस्तेमाल हो किसी नियम का तो उसका फायदा होता है, और अगर ग़लत इस्तेमाल हो तो नुकसान। इसलिए हमें किसी भी कानून या नियम का ना ही उल्लंघन करना चाहिए ना ही गलत इस्तेमाल।

**मौलिक एवं स्वरचित**
**प्रेम बजाज, जगाधरी ( यमुनानगर)**

## लेखक पीयूष गोयल ने इंजीनियर से मिरर इमेज बनकर देश का नाम किया रोशन



**दादरी( अर्पित गुप्ता)।** पीयूष गोयल को मिरर इमेज मैन के नाम से जाना जाता हैं। पीयूष गोयल ने मिरर इमेज में कई किताबें लिखी हैं, जिनमें भगवद गीता, रामचरितमानस, साईं सत्चरित्र, दुर्गा सप्तशती, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की मेरी इक्यावन कवितायें÷ शामिल हैं। उन्होंने भगवद गीता को मिरर इमेज शैली में लिखा है। एक स्पष्ट बातचीत में, पीयूष गोयल अपनी यात्रा, लेखन, दर्पण छवि पुस्तकों और अपनी पुस्तक सोचना तो पड़ेगा ही के बारे में बात करते हैं, यह उनके अपने 110 प्रेरक विचारों की एक पुस्तक है। पीयूष गोयल का जन्म 10 फरवरी, 1967 को माता रवि कांता गोयल और पिता डॉ. डी.के. गोयल के यहाँ हुआ। पीयूष गोयल हमेशा नए निर्माण और कल्पना में विश्वास करते है। पेशे से वह मैकेनिकल इंजीनियर है लेकिन जुनून से वह प्रेरक, कार्टूनिस्ट, स्थानीय क्रिकेट अंपायर और मिरर इमेज राइटर है। उनके पास विभिन्न कंपनियों में 25 से अधिक वर्षों का काम करने का अनुभव हैं। उनके तीन गणित के पेपर इंटरनेशनल रिसर्च जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। मिरर इमेज स्टाइल में उन्होंने 2003 से 2015 के दौरान 16 किताबें लिखी हैं, कुछ किताबें श्री मदभगवद गीता, मधुशाला, गीतांजलि, चाणक्य नीति, श्री साईं सच्चरित्र, श्री दुर्गा कवच (संस्कृत भाषा), पंचतंत्र और पीयूष वाणी आदि विभिन्न वस्तुओं जैसे पेन, सुई, मेहँदी कोन, कार्बन पेपर, आयरन नेल, वुडन पेन और फैब्रिक कोन लाइनर से लिखी गई हैं।पीयूष गोयल संग्रह के भी शौक़ीन हैं, उनके पास प्रथम दिवश आवरण, पेन संग्रह, विश्व प्रसिद्ध लोगो के ऑटोग्राफ़ संग्रह भी हैं। ऑटोग्राफ संग्रह में उनके पास अमिताभ बच्चन, लता मंगेशकर, एपीजे साहेब, अटलजी, सचिन तेंदुलकर, कपिल देव, मनमोहन सिंह जी आदि विश्व प्रसिद्ध लोगो के ऑटोग्राफ हैं। पीयूष गोयल ने दुनिया की पहली पुस्तक सुई से लिखी हैं और मिरर इमेज में लिखी गई हैं जिसको पढ़ने के लिए शीशे की जरुरत नहीं पड़ेगी।

## आज धड़कन फिर क्यों मौन है



आज धड़कन फिर क्यों मौन है
आखिर दिल में छुपा कौन है 7
लहर - लहर रोपाई होते हैं फसल
गीत सखियों के मुख से निकलती हैं
सावन की बूंदे रिमझिम आएं
आसमां से मानो अप्सरा उतरती हैं
अभिलाषा जगती है रुक - रुककर
चलती जब दीवानी पवन है 7
मधुर - मधुर उसके आधार
आंखों में प्रेम - फुलवारी है
सब अप्सराओं की महारानी
कवि ह्रदय की प्यारी है
उसका गीत मुझको है भाता
जिसके स्वर में प्रेम - उन्मन है 7

**महेन्द्र कुमार मध्देशिया**

## अमेरिका में भरोसे की नई भोर

अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन का शपथ लेना इसके इतिहास के एक सबसे दुखद और काले अध्याय का अंत होने के साथ ही उम्मीद व भरोसे से भरे एक नए युग की शुरुआत भी है। पूर्व उप-राष्ट्रपति और पूर्व सीनेटर बाइडन के राष्ट्रपति पद संभालते ही न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी दुनिया में एक नई सुबह तय है। बतौर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रवृत्ति किस कदर विनाशकारी रही, इसे देश-दुनिया के तमाम मीडिया ने बताया ही है। ह्वाइट हाउस में बिताए गए उनके चार वर्षों में कई बड़े रद्दोबदल हुए। मसलन, नस्ल संबंधी मसलों के खिलाफ अमेरिका ने जो लाभ कमाया था, ट्रंप ने उनमें से ज्यादातर को गंवा दिया। आप्रवासन को उन्होंने जमकर हतोत्साहित किया, जबकि गैर-यूरोपीय देशों से आए लोगों ने ही अमेरिका का निर्माण किया है। पर्यावरण से जुड़े सौ से अधिक प्रावधान उन्होंने वापस लिए। मीडिया सहित देश के तमाम संस्थानों को उन्होंने लगातार निशाना बनाया। और तो और, पेरिस समझौते, विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक संधियों-संस्थाओं से उन्होंने अमेरिका को निकाल बाहर किया, और विश्व नेता की उसकी छवि खंडित करके रूस व चीन जैसे देशों को उस शून्य को भरने दिया। स्थिति यह थी कि ओवल ऑफिस से विदा होते हुए भी ट्रंप ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव नतीजों को स्वीकार नहीं किया।

## रचना -गाँधी एक पावन सोच



गाँधी महात्मा थे, बापू थे,
और आज भी वो सबके
बापू हैं,
क्योंकि वे एक पावन सोच
हैं,
जो अजर है, अमर है,
हिंदुस्तान के इतिहास के पन्नों
पर,
अजर है, अमर है,
दिलों में कहीं सत्य बनकर,
कहीं हिंसा का विरोध
बनकर,
श्रधांजलि ये कैसी है ?
आज उनके सिद्धांतों को,
महात्मा की आत्मा को,
औपचारिकता मात्र मत बनाओ इसे,
देखो अपने आसपास,
कोशिश करो कि तुमसे,
हिंसा ना हो, तुम झूठे न बनो,
जितना है उसमें संतुष्ट रहो ।
छोटा या बड़ा,
कुछ अच्छा बदलाव लाओ,
सही मायनों में पुण्यतिथि मनाओ ।

**भावना अरोड़ा 'मिलन'**
**कालकाजी,नई दिल्ली**

## ई-वाहन

भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग 2019 में 2.63 करोड़ से अधिक यात्री और वाणिज्यिक वाहनों का निर्माण करके दुनिया में चौथा सबसे बड़ा उत्पादक बन गया। भारत में जनसंख्या और ऑटोमोबाइल में वृद्धि का सीमित उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों यानी जीवाश्म ईंधन के उपयोग पर सीधा असर पड़ता है। जीवाश्म ईंधन पर बोझ होने के अलावा, पर्यावरण प्रदूषण, विशेष रूप से वायु प्रदूषण में वृद्धि के लिए ऑटोमोबाइल खातों में वृद्धि को जिम्मेदात माना जाना गलत नहीं होगा। दुनिया के 100 सबसे प्रदूषित शहरों में 25 से अधिक भारतीय शहर हैं। वायु प्रदूषण का बढ़ता स्तर और लोगों के लिए परिणामी स्वास्थ्य संबंधी खतरे नीति निर्माताओं के लिए चिंता का विषय रहे हैं। वायु प्रदूषण को रोकने और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने के लिए, एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग पर विचार किया जा रहा है। हालाँकि, इलेक्ट्रिक वाहन भारत में कुल ऑटोमोबाइल का केवल 1 प्रतिशत है। इससे निजात पाने के लिए फेम इंडिया स्कीम चलाई गई है। फेम इंडिया स्कीम के दो चरण हैं ः पहला चरण 31 मार्च 2019 को पूरा हुआ और दूसरा चरण 1 अप्रैल 2019 से शुरू हुआ और 31 मार्च 2022 तक पूरा होगा। इस योजना के पहले चरण में, लगभग 2,80,987 हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों को मांग प्रोत्साहन के माध्यम से समर्थित किया गया था, जिसकी राशि लगभग 359 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा, डी एच आई ने देश के विभिन्न शहरों में लगभग रु। की कुल लागत वाली 425 इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड बसों को 280 करोड़ मंजूरी दी । बेंगलुरु, चंडीगढ़, जयपुर और दिल्ली के एन सी आर जैसे शहरों में फेम-इंडिया योजना के पहले चरण के तहत 43 करोड़ (लगभग) से 520 चार्जिंग स्टेशनों को भी मंजूरी दी। फेम-इंडिया योजना के चरण- द्धद्ध के तहत, लगभग 27,715 इलेक्ट्रिक वाहनों का समर्थन किया गया है, जैसा कि 15.09.2020 तक डिमांड प्रोत्साहन राशि के रूप में लगभग रु। 95 करोड़। इसके अलावा, योजना के चरण- द्धद्ध के तहत विभिन्न राज्य / शहर परिवहन उपक्रमों को 5595 विद्युत बसें स्वीकृत की गई हैं। इसमें सरकार द्वारा लगभग 2800 करोड़ रु मंजूर किए गए। फेम - इंडिया योजना के चरण- द्धद्ध के तहत, भारत सरकार ने सितंबर 2020 के दौरान, महाराष्ट्र, गोवा, गुजरात और चंडीगढ़ राज्यों में 670 इलेक्ट्रिक बसें और मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, केरल, गुजरात और पोर्ट ब्लेयर में 241 चार्जिंग स्टेशन स्वीकृत किए। नेशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान 2020 एक राष्ट्रीय मिशन दस्तावेज है जो देश में इलेक्ट्रिक वाहनों और उनके विनिर्माण को तेजी से अपनाने के लिए दृष्टि और रोडमैप प्रदान करता है। वर्ष 2020 तक भारत में लगभग 6-7 मिलियन इलेक्ट्रिक / हाइब्रिड वाहनों का लक्ष्य रखा गया है, साथ ही वाहन खंडों में भारत के वैश्विक नेतृत्व को सुनिश्चित करने वाली प्रौद्योगिकी का एक निश्चित स्तर पर स्वदेशीकरण भी है। विद्युत गतिशीलता ऊर्जा की मांग, ऊर्जा भंडारण और पर्यावरण स्थिरता को संतुलित करने में योगदान करेगी और शून्य या अल्ट्रा-लो टेलपाइप उत्सर्जन के साथ बहुत कम शोर के साथ आती है और मोटर वाहन क्षेत्र के लिए सबसे नवीन समूहों में से एक होने के कारण, आर्थिक को एक बड़ा बढ़ावा दे सकती है। और औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता, निवेश आकर्षित करना। यदि बिजली क्षेत्र के विकेंद्रीकरण के साथ युग्मित किया जाता है, तो इलेक्ट्रिक वाहन दुनिया को अपने साझा जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ट्रैक पर रखने के लिए प्रमुख योगदान प्रदान करेंगे।

**सलिल सरोज**
**नई दिल्ली**

## मुंगेरी चले ससुराल



सुनो जी यहाँ पर किस चीज़ का गुलगपाड़ा हो रहा है। और यहाँ पर कभी इतनी भीड़ नहीं दिखती थी। आज इतनी भीड़ यहाँ क्यों लगी हुई है। कोई पर्व-तर्व है क्या! या यहाँ पर कोई नेता वगैरह आने वाले हैं। और आपलोग नेता के भाषण को सुनने के लिए इकट्ठे हुए हैं। जैसे ही बिट्टू प्रथम के मुँह पर लॉकडाउन लगा और बोली बंद हुई, कि बिट्टू द्वितीय अपनी मूँछ घुमाते हुए बोला अरे बिट्टू प्रथम तुमको पता नहीं है। कि अपने गाँव में आज मुंगेरी की शादी है। कुछ ही क्षण के बाद यहाँ से ढोल पिपी के साथ बारात निकलने वाली है। तुम नहीं चलोगे क्या! अरे बिट्टू द्वितीय कैसे चलूँ इतनी हाड़कंपाऊ ठंड में बाराती, थोड़ी मेरी शादी हो रही है सो मैं बाराती चलूँ जिसकी शादी हो रही है वो जाए मैं क्यों जाऊं! वैसे ठंड में शादी कौन करता है। अगर लड़का को ठंड लग गई और पक्षाघात मार दिया तो वरमाला पर से लड़की तो नौ दो ग्यारह हो जाएगी। जान बची तो फिर कभी किसी की बारात चला जाऊंगा। वैसे बिट्टू द्वितीय मुंगेरी की शादी कहाँ हो रही है। मुंगेरी की शादी तो कहीं नहीं हो रही थी। जो भी आते थे मुंगेरी को देखने पतली गली से निकल पड़ते थे। आज कहाँ लॉटरी लग गई या कोई अलादीन का चिराग़ हाथ लग गया मुंगेरी के बाप को। मुंगेरी के बाप तो दरवेशों की भांति घूमते रहते थे। जैसे दरवेश कटोरा लेकर भीख मांगता है। उसी तरह मुंगेरी के बाप इधर-उधर घूमते फिरते थे। फिर भी कोई अपनी बेटी को भीख में नहीं देते थे। और मुंगेरी तो एक नंबर का पलंगतोड़ है। कमाता खटाता कुछ नहीं है, वो भला लड़की को कैसे खिलाएगा! वो तो पूरे दिन भर नशेड़ियों के साथ नशा करता है। और फुटपाथ पर सोता है। बिट्टू द्वितीय बोला अरे भाई बिट्टू प्रथम इतनी विजुगुप्सा मुंगेरी से क्यों है! मुंगेरी तुम्हारा क्या बिगाड़ा है सो तुम मुंगेरी की इतनी बुराई कर रहे हो। बिट्टू द्वितीय भाई मेरी मानों तो मुंगेरी शादी के योग्य नहीं है। जो लड़की मुंगेरी के घर आएगी उसकी तो किस्मत ही खराब होगी। इतने में ही मुंगेरी के बाप घुड़साल से बिट्टू प्रथम के पास घोड़ा लेकर आया जिस पर सवार होकर मुंगेरी शादी करने के लिए जाएगा। मुंगेरी के बाप बोला कलमुँहे तू क्या बोल रहा था मुंगेरी के बारे में मुंगेरी के बाप के हाथ में तलवार थी। बोला बता नहीं तो तेरा सर कलम कर दूंगा। तलवार के डर से बिट्टू प्रथम लघुशंका कर दिया। बोला नहीं अंकल कुछ नहीं बोल रहा था। बस मुंगेरी की तारीफ कर रहा था। ओहो तुम मुंगेरी की तारीफ कर रहे हो चलो कोई नहीं, इतने में ही वहाँ पर शेरवानी में मुंगेरी आया और घोड़ा पर सवार हुआ। निकल पड़ा शादी करने घोड़ा की पूँछ पर एक पोस्टर लगा हुआ था। पोस्टर पर सुनहले अक्षर में लिखा हुआ था मुंगेरी चले ससुराल।

**मो. जमील**
**अंधराठाढ़ी, मधुबनी (बिहार)**



# सनी लियोनी ने क्रिकेट में आजमाया हाथ

बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी फुटबॉल के बाद अब क्रिकेट में हाथ आजमाया है। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का इशारा दिया है। शेयर वीडियो को उन्होंने कैप्शन देते हुए लिखा कि क्या मैं इंग्लैंड का सामना करने के लिए अपना किट पैक कर लूं। इससे पहले, अभिनेत्री ने बताया था कि वह स्प्लिट्सविला 13 पर काम शुरू करने के लिए केरल के लिए उड़ान भर रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा था कि मैं जल्द ही केरल के लिए रवाना हो जाऊंगी, क्योंकि स्प्लिट्सविला की शूटिंग होने जा रही है। यह एक ऐसा शो है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। मैं 2014 से इसका हिस्सा रही हूं। स्प्लिट्सविला की शूटिंग घर वापस आने जैसा है। इस शो को शुरू करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकती।

## डॉयरेक्टर कुशल ने बताया क्रैश के बारे में

टेलीविजन निर्देशक कुशल जावेरी वर्तमान में अपनी आगामी वेब सीरीज क्रैश पर काम कर रहे हैं। इस बारे में उन्होंने बताया कि वेब सीरीज के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि आप कहानी को शुरू से अंत तक जानते हैं। जिसमें आपको डिटेलिंग, एक्टर्स के साथ वर्कशॉप, अच्छा बजट, और टेलिवीजन के मुकाबले अधिक फायदा मिलता है। जावेरी ने इस सीरीज पर काम करते समय कुछ दिलचस्प किस्से को भी शेयर किया, जिसमें अनुष्का सेन, रोहन मेहरा, अदिति शर्मा और जैन इमाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेट एक्टर्स मिले, हमने प्रीति गुप्ता के साथ वर्कशॉप की, और इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह जो करती हैं, वह बहुत अच्छा है। मेरा मानना है कि क्रैश का मुख्य आकर्षण अभिनेताओं का प्रदर्शन होगा। हम एक टीम के रूप में महसूस कर रहे हैं।





# सूट सलवार पहन क्रिकेट खेलती नजर आई जान्हवी कपूर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर फिलहाल अपनी आने वाली फिल्म गुड लक जैरी के लिए चंडीगढ़ में शूटिंग कर रही हैं। हाल ही में, शूटिंग का काम खत्म करने के बाद उन्हें अपने क्रू मेंबर्स के साथ क्रिकेट खेलते हुए देखा गया । जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल जान्हवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर इस बात की झलक दी और एक शॉट मारने के बाद अपनी बल्लेबाजी और चारों ओर कूदने का एक वीडियो शेयर किया । जान्हवी ने कैप्शन में लिखा कि क्या यह कहना सुरक्षित है कि मैं एक अच्छी खिलाडी हूं। अभिनेत्री को अपने किरदार के आउटफिट में तैयार देखा जा सकता है, जिसमें खुद को गर्म रखने के लिए उन्होंने मोटी विंटर जैकेट भी पहनी हुई है। वीडियो में जान्हवी को बल्लेबाजी करते हुए देखा जा सकता है क्योंकि वह पहली गेंद को छोड़कर अपने क्रू मेंबर द्वारा उस पर फेंकी गई हर गेंद को हिट करती है । इस बीच जान्हवी ने कुछ हफ्ते पहले गुड लक जैरी से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था । फर्स्ट लुक में वह अपने बालों के साथ सलवार सूट पहने हुए नजर आ रही हैं, जो एक प्लेट में करीने से बंधे हुए हैं और पंजाब की एक गली में घूमते हैं । फिल्म गुड लक जैरी का निर्देशन सिद्धार्थ सेनगुप्ता ने किया है और इसका निर्माण आनंद एल राय ने किया है । यह फिल्म नयनथारा अभिनीत 2018 की तमिल फिल्म कोलामावु कोकिला का हिंदी अडॉप्शन है । फिल्म में दीपक डोबरियाल, स्मिता वशिष्ठ, नीरज सूद और सुशांत सिंह भी अहम भूमिकाओं में हैं ।इसके अलावा वो दोस्ताना 2 और 'रूही अफसाना ' में राजकुमार राव के साथ नजर आने वाली हैं।

दो कलाकारों का निधन

# नहीं रहे बांग्ला एक्टर इंद्रजीत देब और मलयालम सिंगर सोमदास



73 साल के बांग्ला एक्टर इंद्रजीत देब का शनिवार को उनके घर पर और 42 साल के मलयालम सिंगर सोमदास का रविवार को हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कार्डियक अरेस्ट के कारण निधन हो गया। दोनों के निधन से बांग्ला और मलयालम इंडस्ट्री के फैन्स दुखी हैं।

## पत्नी के जाने के बाद अकेले थे इंद्रजीत

इंद्रजीत देब की पत्नी का देहांत भी पिछले साल हो गया था। जिसके बाद से ही देब अकेले थे और लम्बे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे, उन्हें क्रॉनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी डिसीज भी थी। कोलकाता के गोला पार्क में रहने वाले देब को शनिवार को कार्डियक अरेस्ट आया था। इंद्रजीत ने अपने कॅरियर की शुरूआत टीवी शो तेरो परबोन से की थी। साथ हीकरुणामोई रानी रसमोनी और वेबसीरीज द एडवेंचर्स ऑफ गोगोल में भी काम किया था।

## कोरोना संक्रमण से जूझ रहे थे सोमदास

बिग बॉस मलयालम में हिस्सा ले चुके सोमदास कोल्लम मेडिकल कॉलेज में कोरोना संक्रमण का इलाज करवा रहे थे। इसी दौरान रविवार की सुबह उन्हें हार्ट अटैक आया। सोमदास को पहचान स्टार सिंगर रियलिटी शो से मिली थी। 2008 में आए इस शो को भले वे जीत नहीं सके लेकिन उन्हें प्रसिद्धि बहुत मिली थी। हाल ही में सोमदास बिग बॉस मलयालम के दूसरे सीजन में भी पहुंचे थे, लेकिन बीपी और कोलेस्ट्रॉल जैसी समस्याओं के कारण उन्हें शो छोड़ने की सलाह दी गई थी।

# 26 फरवरी को रिलीज होगी 1962 : द वॉर इन द हिल्स

अभय देओल की सीरीज '1962 : द वार इन द हिल्स 26 फरवरी को रिलीज होने वाली है। यह सीरीज सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह सीरीज दर्शकों को एक अनकही कहानी बयान करने के लिए नवंबर 1962 में वापस ले जाएगी। सीरीज में अभय एक सेना प्रमुख की भूमिका में नजर आएंगे, जो एक बटालियन का नेतृत्व करते हैं। इस बारे में अभय ने कहा कि हमारे जवानों और योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने के लिए गणतंत्र दिवस से बेहतर और कोई अवसर नही हो सकता, जो हमारी 24 घंटे रक्षा करते हैं। श्रद्धांजलि के तौर पर, 1962 : द वॉर इन द हिल्स का फर्स्ट लुक जारी करते हुए मुझे खुशी हो रही है। बता दें कि इस फिल्म को महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित किया गया है। ये सीरीज 26 फरवरी से डिज्नी प्लस हॉटस्टार वीआईपी पर उपलब्ध होगी।



# पूल में चिल करती आईं अनन्या पांडे



बॉलीवुड की चुलबुली एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने लुक्स और फिटनेस के चलते सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में रहती हैं। आए दिन अनन्या पांडे अपनी नई-नई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने एक फिर अपनी मालदीव वाली वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है। इस लेटेस्ट पोस्ट में एक्ट्रेस एक होटल में समुद्र के किनारे बने इंफिनिटी पूल में चिल करती हुई नजर आ रही हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अनन्या ने लिखा, 'मैं प्रोमिस करती हूं कि यह मेरा आखिरी मालदीव पोस्ट होगा।'बता दें ये वीडियो नए साल के मौके है। जब एक्ट्रेस इशान खट्टर के साथ मालदीव में नया साल मनाने पहुंची थी। नए साल का वेकेशन खत्म हो चुका है लेकिन अनन्या का मालदीव वाला क्रेज अभी जारी है। लगातार वो अपनी मालदीव की तस्वीरें पोस्ट कर रही हैं। इससे पहले उन्होंने अपना बिकिनी अवतार देखने को मिला था। बता दें कि पिछले कुछ समय से अनन्या और ईशान को को लेकर खबरें हैं कि दोनों एक- दूसरे को डेट कर रहे हैं। कुछ दिन पहले दोनों साथ में कटरीना कैफ की क्रिसमस पार्टी में साथ नजर आए थे। हालांकि, दोनों ने अपने रिलेशनशिप को लेकर अभी कुछ नहीं कहा है। वर्क फ्रंट की बात करें तो अनन्या पांडे जल्द ही दीपिका पादुकोण और सिद्धार्थ चतुर्वेदी के साथ शकुन बत्रा की फिल्म में नजर आएंगी। वह फिल्म निमार्ता पुरी जगन्नाथ की 'फाइटर' में भी दिखाई देंगी, जिसमें उनके साथ साउथ के जाने-माने एक्टर् विजय देवरकोंडा भी होंगे।



# मंजुल ठाकुर की अगली फिल्म में रितेश पांडेय

निर्देशक मंजुल ठाकुर ने वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस के मालिक और फिल्म निमार्ता रत्नाकर कुमार की आने वाली फिल्म के लिए अभिनेता रितेश पांडेय को साइन किया है। इस फिल्म में रितेश के अपोजिट भोजपुरी अभिनेत्री नीलम गिरी नजर आएंगी। इस फिल्म फिल्म को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा तथा निर्माण वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड चैनल के बैनर तले किया जाएगा। हाल ही में रत्नाकर कुमार ने एक फोटो शेयर कर इस बात की घोषणा की थी कि उनकी आने वाली फिल्म में मुख्य रोल में रितेश पांडे और नीलम गिरी होंगे। कुमार ने बताया कि अभी तक फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने फिल्म के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कलाकारों एवं निर्देशक के अलावा फिल्म में कौन-कौन होगा, इसकी घोषणा जल्द ही की जाएगी और इस फिल्म की कहानी क्या है इस बारे में भी जल्द खुलासा होगा।

तबीयत बिगड़ने की चचाओं पर बोलीं, शर्मिला टैगोर

# भगवान का आशीर्वाद है कोई चिंता नहीं



एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर की तबीयत बिगड़ने को लेकर सोशल मीडिया पर तहलका मच गया था। अब एक्ट्रेस ने इन चीजों को अफवाह बताते हुए बयान जारी किया है। शर्मिला टैगोर का कहना है कि भगवान के आशीर्वाद से वह बिल्कुल ठीक हैं और कोई चिंता की बात नहीं है। शर्मिला टैगोर ने कहा, भगवान की दुआ से मैं ठीक हूं, मुझे कुछ नहीं हुआ है।

कोई तबीयत खराब नहीं हुई है। चिंता की इसे लेकर कोई बात नहीं है। मैं 76 साल की हूं, मैं खुद को इस उम्र में किताबें पढ़ने, गार्डनिंग करने और सोशल एंगेजमेंट में व्यस्त रखने की कोशिश करती हूं। साथ ही घर के सदस्यों के साथ अच्छा समय बिता रही हूं। चिंता करने की बात नहीं। मालूम हो कि पिछले साल 2019 में हुए लॉकडाउन में शर्मिला टैगोर ने अपनी वे फिल्में देखीं जो आज से पहले उन्होंने नहीं देखी थीं। इस पर बात करते हुए शर्मिला टैगोर ने कहा, मैंने अपनी खुद की कई फिल्में नहीं देखी थीं। और मुझे यह कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि मेरी फिल्म ह्यछोटी बहूह्न और ह्यबदनाम फरिश्तेह्न वाकई में काफी शानदार फिल्में रहीं। मुझे असित सेन की फिल्म ह्यसफरह्न और भीमसेन की फिल्म ह्यदूरियांह्न काफी पसंद आई। मैंने दोनों ही फिल्मों में काफी प्रोफेशनल रोल किया है। आज के जमाने में हीरोइन्स को मिलने वाले रोल्स से वह रोल काफी अलग था। इसके अलावा मुझे, अनुपमा, अमर प्रेम, सफर, तलाश और आराधना फिल्में काफी अच्छी लगीं। ह्यअपुर संसारह्न और ह्यदेवीह्न अपने आप में बेहतरीन फिल्में रहीं। मुझे दोनों ही फिल्मों में सत्यजीत राय संग काम करने का मौका मिला था।

# बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले शत्रुघ्न सिन्हा ने दी थी बेटी सोनाक्षी सिन्हा को यह सलाह



लंबा समय हो चला है जबसे फैन्स ने बॉलीवुड इंडस्ट्री की मंजे हुए एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा को सिल्वर स्क्रीन पर नहीं देखा है। खबरों के मुताबिक वह जल्द ही इंडस्ट्री में वापसी कर सकते हैं और अपने नए प्रोजेक्ट को लेकर घोषणा भी कर सकते हैं। इसके अलावा हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शत्रुघ्न सिन्हा ने बताया कि बेटी सोनाक्षी सिन्हा के बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखने के समय उन्होंने उन्हें क्या राय दी थी। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, मैंने कभी अपनी बेटी और बेटों में फर्क नहीं किया। सोनाक्षी का पहला ऑफर था सलमान खान के साथ फिल्म दबंग का, जिसे लेकर हम सभी के दिल में काफी इज्जत थी। मुझे याद है, सोनाक्षी इस प्रोजेक्ट को करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही थी। वह फैशन डिजाइनिंग कोर्स कर रही थी। मैनें उसको इस पर एक बार सोचने के लिए कहा। मैंने उसे बस इतना कहा कि खुद को प्रूव करो, बेस्ट बनने के लिए नहीं, बेहतर बनने के लिए और दूसरों से अलग होने के लिए। इसके अलावा फिल्म इंडस्ट्री में सिल्वर स्क्रीन पर वापसी पर शत्रुघ्न सिन्हा बोले, कई फिल्ममेकर्स मुझे स्क्रीन पर वापस देखना चाहते हैं। मैं उन रोल्स को करने में दिलचस्पी रखता हूं, जिससे मेरी पर्सनैलिटी अलग निखरे और जो मेरे सोशियो-पॉलिटिकल करियर की इज्जत करे। कुछ स्क्रिप्ट्स मैं इस समय पढ़ रहा हूं। आप जल्द ही मेरी ओर से एक बड़ी अनाउंसमेंट सुनेंगे।

# ठंड ने तोड़ा बीते 30 सालों का रिकॉर्ड, माइनस 8.8 डिग्री पहुंचा तापमान

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण जम्मू कश्मीर में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शनिवार-रविवार रात श्रीनगर में पिछले 30 साल की सबसे सर्द रात रही। मौसम विभाग के अनुसार शहर में 1991 के बाद सबसे कम तापमान माइनस 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अफसरों ने जानकारी दी है कि रविवार से जम्मू कश्मीर और लद्दाख के तापमान में सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि शनिवार को श्रीनगर में इस सीजन का सबसे कम अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया है। श्रीनगर का अधिकतम तापमान शनिवार को 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू कश्मीर और लद्दाख के मौसम विभाग के डायरेक्टर सोनम लोटस ने बताया कि श्रीनगर में शनिवार-रविवार की रात रिकॉर्ड किया गया माइनस 8.8 डिग्री सेल्सियस तापमान पिछले 30 साल में सबसे कम तापमान है। सन 1991 में श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 11.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। जम्मू कश्मीर में चल रहा सर्वाधिक ठंड का दौर 'चिल्लई कलां' रविवार को खत्म हो रहा है। पहलगाम में शनिवार को न्यूनतम तापमान माइनस 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं गुलमर्ग का तापमान माइनस 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लेह का तापमान माइनस 16.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ है।



## शीत लहर का क्रम जारी, 3.1 डिग्री सेल्सियस पहुंचा न्यूनतम तापमान

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भीषण शीत लहर की चपेट में है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि हालांकि आकाश साफ रहने और धूप निकलने से लोगों को राहत मिल सकती है। यहां अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। इस सप्ताह यह चौथा दिन है जब दिल्ली शीत लहर की चपेट में है। मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान के चार डिग्री सेल्सियस से कम होने पर शीत लहर की घोषणा की जाती है। वहीं, जब तापमान दो डिग्री सेल्यिसय या उससे भी कम हो जाए तो भीषण शीत लहर घोषित की जाती है। मैदानी इलाकों में ठंडी एवं शुष्क उत्तर-पश्चिमी हवाओं की वजह से मंगलवार एवं बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान क्रमशः 2.1 डिग्री सेल्सियस और 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शहर शुक्रवार को भी शीत लहर की चपेट में था और न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## पहाड़ों से आने वाली हवाएं ठिठुरन और बढ़ाएगी

बर्फ की चादर ओढ़े उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों से होकर आ रही शुष्क उत्तर पश्चिमी सर्द हवा उत्तर और मध्य भारत के मैदानी इलाकों में ठिठुरन और बढ़ाएगी। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों तक कुछ इलाकों में शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। कई इलाकों में सुबह व रात में कहीं घना तो कहीं बहुत घना कोहरा छाया रहेगा। पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड भी शीतलहर की चपेट में है। पंजाब के आदमपुर में तो पारा 0.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ और आसपास के इलाके सहित कई जिलों में शनिवार को सर्द हवा के साथ ठिठुरन भरी सर्दी बनी रही। दिन में हल्की धूप निकली। प्रदेश के पूर्वी अंचलों में शीतलहर का खासा असर रहा। बरेली मंडल में रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वाराणसी, प्रयागराज, बरेली, मुरादाबाद, कानपुर में रात का तापमान सामान्य से कम रहा। प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान चुर्क रहा जहां रात का तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उत्तराखंड में अगले कुछ दिन में फिर मौसम में बदलाव के आसार हैं। मौसम केंद्र देहरादून के अनुसार, दो फरवरी की रात व तीन फरवरी से उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में एक अन्य औसत दर्जे के मौसमी बदलाव हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल राज्य में कहीं-कहीं शीत लहर की स्थिति है। मैदानी क्षेत्रों में हल्के कोहरे व धुंध के साथ ही मैदानी क्षेत्रों में पाला परेशानी का कारण बन रहा है। हरिद्वार व ऊधमसिंहनगर में हल्के से मध्यम तक कोहरा छाने की संभावना है। राजस्थान के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में पारा लगातार जमाव बिंदु से नीचे बना हुआ है।

## न्यूज. ब्रीफ

### अफगानिस्तान में बम विस्फोट, 8 सैनिकों समेत 12 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान में शनिवार सुबह नंगरहार प्रांत के शिरजाद जिले में एक सैन्य अड्डे पर एक बम धमाके में 12 लोगों की जान चली गई। विस्फोट एक कार में हुआ जिसमें 8 सैनिकों की सहित 12 लोग मारे गए। प्रांतीय सरकार के बयान के अनुसार इस हमले की जिम्मेदारी तालिबान संगठन ने ली है। सशस्त्र समूह के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि इस कार बम धमाके में 50 सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई है, जबकि कई घायल हो गए हैं, लेकिन इस समूह द्वारा इन मौतों के बारे में अभी पुष्टि नहीं हुई है।

### 13 राज्यों में बर्ड फ्लू, 10 के पॉल्ट्री पक्षियों में मिली बीमारी



**नई दिल्ली।** केंद्र ने कहा कि अब तक 10 राज्यों-केरल, हरियाणा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में पॉल्ट्री के पक्षियों में बर्ड फ्लू (एवियन इंफ्लूएंजा) की पुष्टि हुई है। वहीं, देश के 13 राज्यों में कौओं, प्रवासी पक्षियों और जंगली पक्षियों में एवियन इंफ्लूएंजा की पुष्टि हुई है। पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) का कहना है कि मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर, पंजाब और बिहार में कौओं, प्रवासी और जंगली पक्षियों में बर्ड फ्लू के मामले पाए हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में कौओं में और बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में मोर में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। हरियाणा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब और उत्तर प्रदेश के प्रभावित इलाकों को संक्रमण मुक्त करने का अभियान जारी है।

### दिल्ली के बाद महाराष्ट्र में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में हल्के भूकंप के झटके महसूस किए हैं। हिंगोली शहर भूकंप का केंद्र रहा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.2 रही। रात 12 बजकर 41 मिनट पर यह झटके महसूस किए गए। राहत की बात यह रही कि इन झटकों से अभी किसी भी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं आई है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने इसकी जानकारी दी। भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले में 2.6 तीव्रता के साथ भूकंप का झटके महसूस किए गए थे। शाम 7.28 बजे आए भूकंप का केंद्र पुणे से 21 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में स्थित पुरंदर तालुका में 12 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में भी 28 जनवरी को सुबह के वक्त भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

### चार व्यक्तियों ने किया जहर का सेवन

मऊरानीपुर (झाँसी) चार व्यक्तियों ने अलग- अलग स्थानों पर जहर का सेवन कर लिया। प्राप्त विवरण में अमृता (17) पुत्री डालचन्द्र निवासी बुढाई, रामवती (50) पत्नी रामकृपाल निवासी दुबे चौक, नीलम (28) पत्नी दिलीप कुमार अहिरवार निवासी चितावत, उमाशंकर (24) पुत्र ख्याली राम निवासी धमनापायक को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। सभी की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) सडक दुर्घटना में युवक घायल हो गया। प्राप्त विवरण में भूरे (23) पुत्र देवकीनन्दन निवासी रुपाधमना को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

# सैकड़ों किसानों के साथ मिलकर भिंड कलेक्टर के नाम एसडीएम गोहद को ज्ञापन सौंपा

**गोहद।** विधानसभा के किसानों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. राजकुमार देशलहरा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों के साथ मिलकर भिंड कलेक्टर के नाम एसडीएम गोहद को ज्ञापन सौंपा गया युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजकुमार देशलहरा ने बताया कि इस समय गोहद क्षेत्र मे मौ ब्रांच केनाल,बिडखरी 4क्र-3क्र )में पानी ना आने से किसानों को रवी सीजन में खड़ी फसलों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है जिससे फसलें खराब हो रही है इसको लेकर क्षेत्र के किसानों में काफी रोष है किसान हमारा अन्नदाता है कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों के हर सुख दुख में साथ खड़ी रही है आज युवा कांग्रेस द्वारा सिंचाई के पानी की समस्या को लेकर गोहद गोलंबर से युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं किसानों ने साथ मिलकर जय जवान जय किसान के नारे के साथ रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां किसानों द्वारा एडीएम कार्यालय के बाहर सिंचाई ना होने से खराब हुई गेहूं एवं सरसों की फसलों को हाथ में लेकर मोदी सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई किसानों ने कहा कि यह किसान विरोधी सरकार है ज्ञापन देते समय युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिवस की अंदर नहरों में



पानी नहीं छोड़ा गया और किसानों की इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर चक्का जाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा इसकी जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी इस मौके पर निरंजन सिंह राणा,कुलदीप सिंह गुर्जर ,तहसील शाह, प्रमोद शुक्ला, अवध किशोर बंटी, विजय मुद्गल, जावेद पठान, नवल किशोर बरैया, राजेंद्र परिहार ,राहुल उपाध्याय, हरीश चंद्र शुक्ला ,कमल सिंह भदोरिया ,गौरव कोरकु, मुनेश शर्मा, गौरव कोहली, सौरभ करसोलिया, रमजानी खान, राजू राठौर, शेखू खान, शिवम सोनी अवधेश शुक्ला मुकेश सिंह, साबू खान, अवधेश मिश्रा, बृजेश कुशवाह, आजाद शर्मा,बबलू बरैया, शाहरुख शाह, गणेश राम शर्मा ,आरिफ खान ,ओमप्रकाश राठौर ,सुल्तान कुशवाहा ,नारायण सिंह जाटव,देवेंद्र सिंह,रामलखन सिंह, राम प्रकाश सिंह ,रमेश सिंह, विनोद सिंह ,बदन सिंह, एवं अन्य किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश से अभद्रता के साथ मारपीट करने के पाँच मामले दर्ज

**मऊरानीपुर (झाँसी)** न्यायालय के आदेश 155 (2) के अनुसार विभिन्न स्थानों से पाँच मामले कोतवाली में अभद्रता व मारपीट के धारा 323, 504 के तहत पंजीकृत किये गये।

मामला -1

नज्जू राइन पुत्र मान खां निवासी मु. नदीपार कटरा ने बताया कि रहूफ पुत्र स्व. मान खां, रफीक पुत्र स्व. मान खां, सकील पत्नी रहूफ रेशमा पत्नी रफीक निवासी मु. नदीपार कटरा के द्वारा उसके साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

मामला -2

जयपाल पुत्र उत्तम यादव निवासी झांकरी ने बताया कि सुरेश पुत्र जोरावल कुशवाहा, गुलाब पुत्र सुरेश कुशवाहा, बारे लाल पुत्र सुरेश कुशवाहा, पंचम पुत्र जोराबल कुशवाहा निवासी झांकरी के द्वारा उसके साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

मामला -3

तिजू पुत्र चैने अहिरवार निवासी ग्राम वीरा ने बताया कि चन्दन अहिरवार पुत्र दलपत उर्फकल्लू निवासी ग्राम वीरा के द्वारा उसके साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

मामला -4

समर सिंह पुत्र बिहारी लाल निवासी कुंवरपुरा ने बताया कि प्रभूदयाल पुत्र सुन्दर लाल, महेश यादव पुत्र सुन्दर लाल, जोधा सिंह पुत्र सुन्दर लाल, रामसिंह पुत्र प्रभूदयाल निवासी कुंवरपुरा के द्वारा उसके साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

मामला -5

रामदयाल पुत्र भगवानदास निवासी कोटरा ने बताया कि जगदीश पुत्र अयोध्या प्रसाद, प्रकाश पुत्र अयोध्या प्रसाद, कामता पुत्र अयोध्या प्रसाद, देवकी नन्दन पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी कोटरा के द्वारा उसके साथ गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

# भाकियू (भानु) ने नौ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

मऊरानीपुर (झाँसी) भारतीय किसान यूनियन (भानु) के बुन्देलखण्ड उपाध्यक्ष ठा. मानवेन्द्र सिंह (मोनू) भदौरिया के नेतृत्व में



उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार, प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन भेजा गया। जिसमें बताया गया कि भारत के किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान करे। देशहित और राष्ट्रहित में भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने 27 जनवरी 2021 को लगभग 58 दिन चला अपना धरना चितला बार्डर दिल्ली को स्थगित किया था। अतः भारतीय किसान यूनियन (भानु) भारत के किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान चाहती है। जो निम्न प्रकार है। 1. तीनों कृषि काले कानूनों को वापस लिया जाये व समर्थन मूल्य की गारंटी का कानून बनाया जाये। 2. किसान आयोग का गठन हो। 3. स्वामीनाथन आयोग की सिफर से लागू की जाये। 4. किसानों के कर्ज माफकिये जाये। किसान की दुर्घटना होने पर उसके परिवार को 2 करोड मुआवजा दिया जाये। 5. सेना , पुलिस व पत्रकारों की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 5 करोड का मुआवजा उनके परिवारों की दिया जाये। 6. किसानों की सस्ती बिजली लॉकडाउन समय का बिजली का बिल माफकिया जाये। ट्यूबवेल कनेक्शन के किसानों के पहले की तरह फिक्स रेट लिया जाये। 7. किसानों के बकाया करने का भुगतान ब्याज सहित तुरन्त किया जाये। 8. ग्रामीण क्षेत्र की टूटी हुयी सडकों का तुरन्त निर्माण किया जाये। 9. स्कूलों द्वारा लॉकडाउन समय की सभी विधार्थियों की फीस माफकी जाये। यूनियन का कहना है कि यदि 10 फरवरी 2021 तक समस्याओं का समाधान नही होता है तो संगठन पूरे देश एवं प्रदेशों में प्रत्येक जिला एवं तहसील मुख्यालयों या 11 फरवरी 2021 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगा । जिसकी जिम्मेदारी केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की होगी। इस मौके पर पी. एन. द्विवेदी, बृजेन्द्र सिंह परिहार, बृजलाल वर्मा, धर्मदास कुशवाहा, रविन्द्र पांचाल, महेश सेंगर, इन्द्रभान प्रजापति, पुष्पेन्द्र सिंह आदि लोगों के ज्ञापन में हस्ताक्षर थे।

# पुलिस ने लगायी ग्राम रोरा में चौपाल

**मऊरानीपुर (झाँसी)** आगामी पंचायत चुनाव को लेकर ग्राम रोरा में लहचूरा चौकी प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया गया। और कच्ची शराब ,अवैध खनन , जुआ , सट्टा कहा गया कि ये कतई नही होने दिया जायेगा । साथ ही कहा गया कि किसी के धमकाने, डरवाने में कतई न आये। पुलिस को तत्काल सूचना दे। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में शराबी शराब के नशे में धुत होकर अभद्रता करते है जिसके चलते चौकी प्रभारी ने लोगों को आश्वासन दिया कि पुलिस को सूचना दे तत्काल कार्यवाही अमल में लायेगी। इस मौके पर जितेन्द्र कुमार गुप्ता, भूपेन्द्र सिंह परमार,



कांस्टेविल देव आनन्द शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह , विकास गौतम के साथ ग्रामीण रामपाल सिंह, शिशुपाल सिंह, रविन्द्र सिंह, विनोद , राजाराम , मुन्ना सिंह, जगदीश, आनन्द स्वरुप खरे, रज्जू राजा आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अपील -कोवाक्स प्रोग्राम के तहत के तहत मिलेगी यह खैरात, मार्च तक हो जाएगी 60 लाख डोज की डिलिवरी

# पाक को मुफ्त में मिलेगा भारत में बना कोरोना टीका, 1.70 करोड़ डोज का रास्ता साफ

इस्लामाबाद ■ एजेंसी

देर से ही सही, लेकिन पाकिस्तान में भी अब कोरोना टीकाकरण का रास्ता साफ होता जा रहा है। पाकिस्तान की इमरान सरकार अभी तक कोरोना टीके का एक भी डोज खरीद तो नहीं पाई है, लेकिन चीन ने उसे 5 लाख डोज मुफ्त में दी है, जिसे लाने के लिए पाकिस्तान से विमान भेजा गया है। चीनी डोज के पाकिस्तान पहुंचने से पहले पाकिस्तान उस समय गदगद हो गया, जब उसके लिए 1.70 करोड़ भारतीय टीके मुफ्त मिलने का रास्ता साफ हो गया। उसे कोवाक्स प्रोग्राम के तहत यह खैरात मिलने जा रही है। पाकिस्तान ने सबसे पहले ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी की ओर से तैयार किए गए टीके कोविशील्ड को ही सबसे पहले आपातकालीन




मंजूरी दी, लेकिन इमरान खान की सरकार के खजाने में ना तो इतने रुपए हैं कि वे टीके खरीद सकें और ना ही इतनी हिम्मत की भारत सरकार से टीका मांग ले। हालांकि, पाकिस्तान ने इसे बैकडोर से पाने की कोशिश के तहत राज्य सरकारों और निजी सेक्टर को खरीद की छूट दे दी थी। इस बीच रविवावर को इमरान खान के विशेष विशेष सहायक (स्वास्थ्य) डॉ फैसल सुल्तान ने घोषणा की कि अगले महीने (फरवरी) से पाकिस्तान को एस्ट्राजेनेका की वैक्सीन भी मिलने जा रही है। उन्होने बताया कि 60 लाख डोज की डिलिवरी मार्च तक हो जाएगी तो जून तक 1.70 करोड़ डोज मिल जाएंगे। असद उमर ने ट्वीट किया, "कोविड वैक्सीन मोर्चे पर खुशखबरी। कोवाक्स से मिले लेटर में 2021 की पहली छमाही में एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की 1.70 करोड़ डोज मिलने की बात कही गई है। फरवरी से शुरूआत होने के बाद मार्च तक 60 लाख डोज उपलब्ध हो जाएंगे। हमने 8 महीने पहले कोवाक्स प्रोग्राम पर हस्ताक्षर किए थे। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, "यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सिनोफार्मा (चाइनीज वैक्सीन कंपनी) से 5 लाख डोज मिलने के बाद पहली तिमाही में 70 लाख डोज एस्ट्राजेनेका वैक्सीन के मिलने जा रहे हैं। इन्हें लोगों को मुफ्त में दिया जाएगा। पाकिस्तान में टीकाकरण अगले सप्ताह शुरू होने जा रहा है और सबसे पहले हेल्थकेयर वर्कर्स को टीका लगाया जाएगा। कोवाक्स प्लान के तहत सभी देशों को समय पर और उचित मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध कराए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके तहत पाकिस्तान को 20 फीसदी आबादी के लिए मुफ्त टीका मिलेगा। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि 80 फीसदी आबादी को इमरान खान किस तरह टीका दे सकेंगे।

## कैदियों को टीके लगाने की योजना से फिलहाल पीछे हटा अमेरिका

**वाशिंगटन।** क्यूबा के ग्वांतानामो बे में एक अमेरिकी हिरासत केंद्र के कैदियों को कोविड-19 टीके लगाए जाने की योजना से अमेरिका फिलहाल पीछे हट गया है। पेंटागन के प्रमुख प्रवक्ता जॉन किर्बी ने बताया कि रक्षा मंत्रालय ने ग्वांतानामो में बंद कैदियों को टीके लगाए जाने की योजना पर फिलहाल रोक लगा दी है। इस दौरान वहां तैनात सैन्यकर्मियों की सलामती के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की जाएगी। किर्बी ने कहा हम यहां तैनात सुरक्षाबलों की सुरक्षा संबंधी प्रोटोकॉल की समीक्षा कर रहे हैं और कैदियों को टीका लगाने की योजना पर रोक लगा रहे हैं। हम सैनिकों को सुरक्षित रखने के अपने दायित्व के प्रति पूरी तरह से समर्पित हैं। अमेरिकी सेना ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि उसकी योजना कैदियों को टीके लगाने की है, क्योंकि हिरासत केंद्र के सभी कर्मियों को टीके लग चुके हैं। अमेरिका ने जनवरी 2002 में अल-कायदा और तालिबान से जुड़े आतंकवादियों को रखने के लिए इस हिरासत केंद्र को खेला था। कैदियों में से पांच ऐसे आतंकवादी हैं, जो 11 सितंबर, 2001 के हमलों में कथित संलिप्तता को लेकर सैन्य आयोग के मुकदमे का सामना कर रहे हैं।




भोपाल। क्लब रिवेरा स्विमिंग पूल में रविवार को भोपाल जिला ट्रायथलॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगितता के दौरान सीनियर, जूनियर और मास्टर्स वर्ग में ट्रायथलॉन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। खिलाड़ियों को खेल संचालक पवन कुमार जैन ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर डॉ. विक्रम बाथम, डॉ. संतोष कटियार, सहायक खेल संचालक विकास खराडकर, तनवीर हलीम, आरडी झा उपस्थित थे।

# विजय हजारे के लिए मुंबई ने घोषित की संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट, अर्जुन तेंदुलकर और पृथ्वी शॉ को मिली जगह

नई दिल्ली ■ एजेंसी

विजय हजारे ट्रॉफी 2021 के लिए मुंबई ने अपने संभावित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है। मुंबई ने इस टूनार्मेंट के लिए 104 संभावित खिलाड़ियों को चुना है, जिसमें महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर का नाम भी शामिल है। खराब फॉर्म से गुजर रहे पृथ्वी शॉ को भी इस लिस्ट में शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने शनिवार को बताया था कि इस साल विजय हजारे टूनार्मेंट का आयोजन किया जाएगा, जबकि 87 बाद रणजी ट्रॉफी इस बार नहीं खेली जाएगी।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इन खिलाड़ियों के नामों की घोषणा अपनी वेबसाइट पर की है। अर्जुन तेंदुलकर ने सैयद मुश्ताक अली टूनार्मेंट में हरियाणा के खिलाफ मुंबई की सीनियर टीम की तरफ से डेब्यू किया था। यह 21 वर्षीय तेज गेंदबाज भारतीय टीम के प्रैक्टिस सेशन में भी गेंदबाजी कर चुका है। पृथ्वी शॉ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया का हिस्से थे और एडिलेड टेस्ट में उनको प्लेइंग इलेवन में भी जगह दी गई थी। हालांकि, दोनों पारियों में फेल होने के बाद शॉ को दोबारा मौका नहीं मिल सका था।





अर्जुन तेंदुलकर और शॉ के अलावा, भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, आलराउंडर शिवम दुबे, सूर्यकुमार यादव, आदित्य तारे, सिद्धेष लाड, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और अरमान जाफर को 104 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। नुभवी तेज गेंदबाज धवल कुलकर्णी को भी सोमवार से शुरू होने वाले शिविर के लिये टीम में चुना गया है। शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड(बीसीसीआई) ने घरेलू क्रिकेट पर बड़ा फैसला लेते हुए अभी जारी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के बाद विजय हजारे ट्रॉफी आयोजित करने का फैसला लिया था। इसके साथ ही यह तय हुआ कि 87 साल में पहली बार फर्स्ट क्लास घरेलू टूनार्मेंट रणजी ट्रॉफी का आयोजन नहीं हो सकेगा। 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी और भारत-इंग्लैंड के बीच होने वाली सीरीज के आयोजन के साथ ही अब बीसीसीआई महिला सीनियर वनडे ट्रॉफी और अंडर-19 क्रिकेट में वीनू मांकड़ वनडे ट्रॉफी का आयोजन भी कराएगा।

## न्यूज. ब्रीफ

### डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉयल रंबल आज से

मुम्बई। डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉयल रंबल मुकाबले सोमवार से शुरू होने वाले हैं और इसमें जीत के प्रबल दावेदार माने जा रहे खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की गयी है। रॉयल रंबल में पहले और दूसरे स्थान पर ऐज और रैंडी ऑर्टन एंट्री रहेंगे। यह दोनों ही बड़े स्टार्स में से हैं, ऐसे में ये देखना अहम होगा कि ये कितने समय तक मैच में जमे रहेंगे। ये मैच जीतने के प्रबल दावेदारों में भी शामिल हैं। एक फरवरी को होने वाली रंबल भारतीय समय के अनुसाल प्रातः 5.30 शुरू होगी जबकि किकऑफ शो प्रातः 4.30 बजे शुरू होगा।

### 55.5 करोड़ यूरो के करार से विश्व के सबसे महंगे खिलाड़ी बने मेसी



बार्सिलोना। अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने बार्सिलोना के साथ चार सत्र के लिए 55 करोड़ 50 लाख यूरो (67 करोड़ 30 लाख डॉलर) का सबसे महंगा करार किया है। स्थानीय मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार मेसी ने साल 2017 में बार्सिलोना के साथ करार पर हस्ताक्षर किए थे। इसमें निर्धारित वेतन और वेरीएबल भुगतान शामिल हैं जो प्रति सत्र 13 करोड़ 80 लाख यूरो तक पहुंच सकता है। इस प्रकार यह किसी खिलाड़ी के साथ किया गया सबसे महंगा अनुबंध है। मेसी को इस राशि का लगभग आधा हिस्सा स्पेन में करों में देना होगा। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मेसी को कुल अनुबंध का 51 करोड़ यूरो पहले ही मिल गया है। साथ ही कहा कि अब तक मेसी के साथ से क्लब को करीब तीन दर्जन खिताब मिले हैं।

### कुंबले की तरह गेंदबाजी करते दिखे बुमराह



मुम्बई। टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अब दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले की तरह गेंदबाजी करते नजर आये हैं। बीसीसीआई ने बुमराह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया जिसमें वो अनिल कुंबले के एक्शन की नकल उतारते नजर आये हैं। बुमराह ने बिलकुल कुंबले के अंदाज में गेंदबाजी की और इस दौरान उनकी लाइन और लेंग्थ सटीक थी। बीसीसीआई ने बुमराह का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, 'हमने बुमराह की आक्रामक यॉर्कर और तेज बाउंसर गेंदबाजी देखी हैं। अब यहां देखिए उनका अनोखा अंदाज। इसमें बुमराह कुंबले के एक्शन की नकल उतार दिखे हैं।' कुंबले भारत के सबसे बड़े मैच विजेता रहे हैं। वहीं कुंबले की ही तरह अब बुमराह भी टीम इंडिया के लिए मैच विजेता बन गये हैं। बुमराह ने टेस्ट, वनडे और टी20 फॉर्मेट में अपनी धमाकेदार गेंदबाजी से टीम इंडिया को कई मैच जिताए हैं। बुमराह ने 17 टेस्ट मैचों में 79 विकेट लिए हैं। वहीं 67 एकदिवसीय में उनके नाम 108 और 50 टी20 में वो 59 विकेट हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज में भी शानदार गेंदबाजी की थी और अब वो इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज में खेलते दिखेंगे।

### अंपायर पर भड़के मार्श, निलंबन का खतरा मंडराया

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई घरेलू टी20 क्रिकेट लीग बिग बैश (बीबीएल) में अंपायर पर भड़कने और अपशब्द कहने के लिए बल्लेबाज मिचेल मार्श को निलंबित किया जा सकता है। बिग बैश लीग में पर्थ स्कॉचर्स और सिडनी सिक्सर्स के बीच मुकाबला खेला गया था। इसमें पारी के 13वें ओवर में सिडनी के गेंदबाज स्टीव ओ कीफ गेंदबाजी करने के लिए आए। ओ कीफ ने गेंद फेंकी और मिचेल मार्श ने इसे खेलने की कोशिश की पर गेंद सीधे उनके पैरों के पीछे से विकेटकीपर के पास चली गयी और उसने अंपायर से अपील कर दी। अंपायर ने विकेटीकपर और गेंदबाज की अपील के बाद मार्श को आउट करार दे दिया। वही अंपायर के इस फैसले से मार्श भड़क गये और कुछ देर के लिए तो क्रीज पर रहने के बाद पेवेलियन लौट गये। उन्होंने पवेलियन जाते हुए अंपायर को अपशब्द भी कहे। यह बातें कैमरे में रिकॉर्ड हो गईं। इस मामले से एक बार फिर नई तकनीक के प्रयोग पर सवाल उठने लगे हैं। वहीं इस मामले में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड और ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी हैं। ब्रॉड ने अंपायरिंग पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बेहद नजदीकी मामला है। इसे टीवी अंपायर को देखना चाहिए। वहीं स्टोक्स ने कहा कि डीआरस अंपायर को नीचा दिखाने के लिए नहीं लाया गया है बल्कि यह उसकी सहायता के लिए है।

|घरेलू टेस्ट मैच जीतने के मामले में कोहली से आगे हैं धोनी|

# विराट कोहली के निशाने पर होगा धोनी का बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड के बीच 4 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 5 फरवरी से चेन्नै में होगा। इस सीरीज के जरिए देश में कोविड-19 महामारी के बाद इंटरनैशनल क्रिकेट की वापसी होगी। टीम इंडिया के नियमित कप्तान विराट कोहली भी इस सीरीज के जरिए वापसी करेंगे। कोहली ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एडिलेड टेस्ट खेलकर पैटरनिटी लीव पर स्वदेश लौट आए थे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 4 मैचों की सीरीज के आखिर के तीन टेस्ट कोहली नहीं खेल पाए थे। कोहली इस समय चेन्नै में टीम इंडिया के साथ बायो बबल में प्रवेश कर चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में विराट की नजर महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी के रिकॉर्ड पर होगी। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान धोनी अपनी अगुआई में घरेलू सरजमीं पर 21 टेस्ट मैच जीतकर पहले नंबर पर हैं।



### तीसरे नंबर पर हैं अजहरुद्दीन

इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन हैं जिनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने अपने घर पर 13 टेस्ट मैच जीते हैं। चौथे नंबर पर 'प्रिंस ऑफ कोलकाता' यानी सौरभ गांगुली का नंबर आता है। गांगुली की कप्तानी में भारत ने अपने घरेलू सरजमीं पर 10 टेस्ट जीते हैं।

### 33 टेस्ट कोहली की कप्तानी में जीत चुकी है टीम इंडिया

विराट ने अब तक 56 टेस्ट में कप्तानी की है जिसमें टीम इंडिया को 33 में जीत मिली है। टीम इंडिया के सबसे सफल टेस्ट कप्तान विराट पिछले कुछ समय से बेहतरीन फॉर्म में हैं। धोनी ने 60 टेस्ट में टीम इंडिया की कप्तानी की जिसमें से 27 में जीत मिली वहीं गांगुली की कप्तानी में 21 टेस्ट भारत जीतने में सफल रहा। अजरुद्दीन की अगुआई में टीम इंडिया ने 14 जबकि सुनील गावसकर की कप्तानी में 9 टेस्ट में जीत मिली। इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती दो टेस्ट चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जाएंगे जबकि तीसरा और चौथा टेस्ट अहमदाबाद में आयोजित होगा। सीरीज का तीसरा टेस्ट डे नाइट खेला जाएगा।

**कोहली की कप्तानी में 20 टेस्ट घर पर जीत चुकी है टीम इंडिया**

कोहली की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 2016/17 में 4 मैचों की टेस्ट सीरीज 4-0 से जीती थी। विराट अपनी कप्तानी में घर में 20 टेस्ट मैच जीत चुके हैं। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज में टीम इंडिया जीत की प्रबल दावेदार है। इस सीरीज में कोहली पूर्व विकेटकीपर कप्तान धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं। मौजूदा सीरीज में विराट की टीम दो टेस्ट मैच जीत लेती है तो वह भारत में टीम इंडिया के सबसे सफल कप्तान बन जाएंगे।

### कप्तानी के रिकॉर्ड को लेकर विराट कोहली और जो रूट में होगी जंग



भारत और इंग्लैंड के बीच 5 फरवरी से टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैच मिस करने के बाद विराट कोहली की टीम में वापसी हुई है। घरेलू परिस्थितियों में खेलने के चलते इस सीरीज में टीम इंडिया को फेवरेट माना जा रहा है। भारत के पिछले दौरे पर इंग्लैंड की टीम को 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था और उस समय विराट कोहली टीम के कप्तान थे। जो रूट की अगुवाई में इंग्लिश टीम ने भारत को अपनी सरजमीं पर 4-1 से हराया था। इसी बीच, विराट कोहली और जो रूट कप्तानी के एक खास रिकॉर्ड को लेकर आपस में भिड़ते दिखाई देंगे। दरअसल, भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए टेस्ट मैचों में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने का रिकॉर्ड एलिस्टर कुक और विराट कोहली के नाम है। कुक और कोहली की कप्तानी में भारत और इंग्लैंड ने पांच-पांच टेस्ट मैचों में जीत हासिल की है। एलिस्टर कुक साल 2018 में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ कप्तान के तौर पर 10 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से उन्होंने 5 में जीत दर्ज की है। वहीं, जो रूट ने कप्तानी में इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 10 मैचों में 4 मुकाबलों में जीत हासिल की है। ऐसे में चार टेस्ट मैचों की सीरीज में जब यह दोनों एक दूसरे के आमने-सामने होंगे तो कोहली और रूट के पास एक दूसरे को कप्तान के इस रिकॉर्ड में पीछे छोड़ने का मौका होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो टेस्ट मैच चेन्नई में खेले जाएंगे, जबकि आखिरी के दो मुकाबले अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में होंगे। दोनों ही टीमें चेन्नई पहुंच चुकीं हैं और अपना एक हफ्ते का क्वारंटाइन पीरियड पूरा कर रही हैं। भारत की टीम हाल में ऑस्ट्रेलिया को उसकी ही सरजमीं पर 2-1 से टेस्ट सीरीज हराकर लौटी है, जबकि इंग्लैंड श्रीलंका को 2-0 से शिकस्त देने के बाद भारत पहुंची है।

## साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान





इस्लामाबाद। साउथ अफ्रीका के खिलाफ अगले महीने होने वाली टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान कर दिया गया है। शानदार फॉर्म में चल रहे मोहम्मद हफीज और फखर जमान को टीम में शामिल नहीं किया गया है। तेज गेंदबाज हसन अली और विस्फोटक बल्लेबाज आसिफ अली की टीम में वापसी हुई है। बाबर आजम को तीन मैचों की इस सीरीज के लिए कप्तान बनाया गया है। लगभग 14 साल बाद साउथ अफ्रीका की टीम पाकिस्तान के दौरे पर है।

40 वर्षीय मोहम्मद हफीज अपने करियर की सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और पिछले 12 टी20 पारियों में वह 153 के स्ट्राइक रेट से 502 रन बना चुके हैं। पाकिस्तान के मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम ने हफीज के सिलेक्शन को लेकर कहा, 'हफीज के प्रदर्शन को लेकर कोई भी सवाल नहीं है, लेकिन 3 फरवरी को जब टीम बायो बबल एन्वॉयरमेंट में प्रवेश करेगी तब वह उपलब्ध नहीं होंगे।' हफीज इस समय टी10 लीग में हिस्सा ले रहे हैं, जो कि 6 फरवरी को खत्म होगी। मोहम्मद वसीम ने बताया कि खिलाड़ियों की हालिया फॉर्म और इस साल होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए टीम का चयन किया गया है। फखर जमान की बात करें तो वह पिछले काफी समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं और आखिरी 10 टी20 पारियों में महज 97 रन ही बना सके हैं। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के चलते वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भी टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टी20 मुकाबला 11 फरवरी को खेला जाएगा। दोनों टीमें इस समय टेस्ट सीरीज खेल रही हैं, जिसके पहले टेस्ट मैच में पाकिस्तान ने स्पिन गेंदबाजों के दम पर साउथ अफ्रीका को 7 विकेट से हराया।

**टीम इस प्रकार है**

बाबर आजम ( कप्तान), हैदर अली, खुशदिल शाह, हुसैन तलत, दानिश अजीज, आसिफ अली, इफ्तिकार अहमद, मोहम्मद नवाज, जफर गोहर, फहीम अशरफ, आमिर यामिन, अम्माद बट्ट, मोहम्मद रिजवान, सरफराज अहमद, शाहीन शाह अफरीदी, हरिस रऊफ, मोहम्मद हुसैन, हसन अली, उस्मान कादिर, जाहिब महमूद

## पीएम ने की टीम इंडिया की प्रशंसा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया में किये शानदार प्रदर्शन का जिक्र किया है। मोदी ने टीम इंडिया की जीत को प्रेरणादायक बताते हुए कहा , इस महीने, क्रिकेट मैदान से भी बहुत अच्छी खबर मिली। हमारी क्रिकेट टीम ने शुरूआती दिक्कतों के बाद शानदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया में सीरीज जीती है। इस दौरान हमारे खिलाड़ियों का कठिन परिश्रम और टीमवर्क प्रेरित करने वाला है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम का हौसला बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, प्रशंसा और प्रोत्साहन के लिए आपका धन्यवाद। टीम इंडिया भारत के तिरंगे झंडे को ऊंचा रखने के लिए हर संभव कोशिश करेगी। वहीं भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने भी तिरंगे के चिह्न के साथ प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के ट्वीट को रिट्वीट किया है.



पहले टेस्ट में केवल 36 रन बनाने वाली टीम इंडिया को करारी हार मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम के नियमित कप्तान विराट कोहली भी स्वदेश लौट आये थे। वहीं टीम के कई खिलाड़ी भी चोटिल हो गये। इसके बाद भी टीम इंडिया ने हार नहीं मानी। कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे की अगुवाई में टीम इंडिया ने दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराकर शानदार वापसी की। तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा जबकि चौथे टेस्ट में टीम ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

### मैनचेस्टर सिटी शीर्ष के और करीब पहुंची

लंदन। मैनचेस्टर सिटी इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूनार्मेंट में शीर्ष के और करीब पहुंच गयी है। सिटी टीम ने शैफील्ड यूनाईड पर मिली 1-0 की जीत से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूनार्मेंट में अपनी स्थिति बेहतर की है। वहीं मैनचेस्टर यूनाईटेड की टीम आर्सनल से गोलरहित ड्रा खेलने के कारण खिताब की दौड़ में पीछे हो गई है। मैनचेस्टर सिटी को शैफील्ड के खिलाफ मुकाबले में जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा पर नौवें मिनट में गैब्रियल जीसस के गोल से टीम अपनी बढ़त बरकरार रखने में कायम रही। उसे तीन अंक मिले हैं। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी के 20 मैचों में 44 अंक हो गए हैं।



### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता: आर परी इलेवन ने जीता खिताब

भोपाल। भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा में नेहरू नगर पुलिस खेल मैदान पर उमाशंकर गुप्ता टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताबा आर परी इलेवन ने जीत लिया है। फाइनल में आर परी इलेवन ने नदीम इलेवन को शिकस्त दी। समापन मौके पर पूर्व विधायक उमाशंकर गुप्ता ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। विजेता टीम को 25000 की नगद राशि एक ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम को 15000 रुपए नगद राशि एक ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दी गई। इस अवसर पर रामदयाल प्रजापति, राजेश खटीक, राजू अनेजा, नितिन परिहार आदि मौजूद रहे।

# 90 लाख कारों की बिक्री कर टोयोटा बनी दुनिया की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी

नई दिल्ली ■ एजेंसी

जानदार और शानदार कार बनाने वाली जापानी कार कंपनी टोयोटा अब दुनिया की सबसे बड़ी कार निमार्ता बन गई है। 2020 के सेल्स आंकड़े कंपनी ने जारी किए हैं जिनके मुताबिक टोयोटा ने 90,53,800 कारों की बिक्री कर ली है, हालांकि वर्ष 2019 के मुकाबले कंपनी ने पिछले साल 11.3 प्रतिशत कम कारें बेची हैं। वैसे तो साल 2020 वाहन उद्योग के लिए काफी निराशाजनक ही रहा है लेकिन 2020 के अंत तक बाजार में वाहनों की मांग बढ़ने लगी जिससे बिक्री में एक बार फिर से उछाल देखने को मिला। ऐसे में टोयोटा अपने कारोबार को बढ़ाने में कामयाब रही और कारों की बिक्री को फिर से पटरी पर लाने में कंपनी को सफलता मिली। आपको बता दें कि टोयोटा की सहायक कार कंपनियां, लेक्सस, हीनो, रानज, और डायहात्सू ने भी जापानी कार प्रमुख की वैश्विक बिक्री को शीर्ष स्थान पर लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है। हालांकि अभी भी टोयोटा सबसे वैल्युएबल कार कंपनी नहीं बनी है। इस साल जनवरी में इलेक्ट्रिक कार निमार्ता टेस्ला के शेयर्स में भारी उछाल के बाद टेस्ला दुनिया की सबसे मूल्यवान कार कंपनी बन गई है। इसके बाद टोयोटा भी बैटरी आधारित कारों के विकास में लग चुकी है और अगले दो सालों में यूरोप और अमेरिका समेत एशियाई महाद्वीप के कई देशों में इलेक्ट्रिक कारों को उतारने की योजना बना रही है।



लक्ष्य — कोरोना वायरस महमारी के चलते विनिवेश की कई बड़ी योजनाएं तथा शेयर बाजारों में सूचीबद्धता टल गई

# चालू वित्तवर्ष में विनिवेश और पुनर्खरीद से सरकार ने जुटाए 19,499 करोड़ रुपए

नई दिल्ली ■ एजेंसी

सरकार ने केंद्रीय उपक्रमों में विनिवेश और शेयरों की पुनर्खरीद के जरिए चालू वित्त वर्ष में अब तक 19,499 करोड़ रुपए जुटाए हैं। हालांकि सरकार ने चालू वित्त वर्ष में विनिवेश और पुनर्खरीद से 2.10 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है। कोरोना वायरस महमारी के चलते विनिवेश की कई बड़ी योजनाएं तथा शेयर बाजारों में सूचीबद्धता टल गई। इससे लगता है कि सरकार चालू वित्त वर्ष में विनिवेश के लक्ष्य से काफी अंतर से चूकने वाली है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2020-21 के बजट में निजीकरण, राज्य के स्वामित्व वाली कंपनियों में अल्पांश हिस्सेदारी की बिक्री और सीपीएसई द्वारा शेयर पुनर्खरीद से 2.1 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा था। इनमें से सीपीएसई में हिस्सेदारी बिक्री से 1.20 लाख करोड़ रुपए आने थे, वहीं वित्तीय संस्थानों में शेयर बिक्री से 90,000 करोड़ रुपए की आय होनी थी। चालू वित्त वर्ष में चार सीपीएसई हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल), भारत डायनेमिक्स, आईआरसीटीसी और सेल की बिक्री पेशकश (ओएफएस) आई है। इससे सरकारी खजाने को 12,907 करोड़ रुपए मिले हैं। इसके अलावा, आईआरएफसी और मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 1,984 करोड़ रुपये आए हैं। एसयूयूटीआई और अन्य लेनदेन के माध्यम से निजी कंपनियों में सरकारी हिस्सेदारी की बिक्री से लगभग 1,837 करोड़ रुपए की कमाई हुई है। चालू वित्त वर्ष में अब तक चार सरकारी कंपनियों राइट्स, एनटीपीसी, केआईओसीएल और एनएमडीसी ने शेयर पुनर्खरीद को पूरा किया है, जिससे सरकारी खजाने को 2,769 करोड़ रुपए मिले हैं। सरकार टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड (टीसीएल) में अपनी पूरी 26.12 प्रतिशत हिस्सेदारी चालू वित्त वर्ष में ओएफएस और रणनीतिक बिक्री मार्ग के माध्यम से बेचना चाहती है। एयर इंडिया, बीपीसीएल, पवन हंस, बीईएमएल, शिपिंग कॉर्प, नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड और फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) के निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है।



दैनिक पुष्पांजली टुडे



## एक नजर...

### ग्वालियर में भी कश्मीर का मजा दे रही है बैजाताल की शिकारा

**ग्वालियर।** ग्वालियर का बैजाताल जन आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। शहरवासी मोतीमहल के ऐतिहासिक बैजाताल में बोटिंग का आनंद उठा रहे हैं। शादी की सालगिरह हो या बच्चे का जन्मदिन शहरवासी सपरिवार बैजाताल में संचालित शिकारा में बैठकर बोटिंग का लुफ्त उठा रहे हैं। नगर निगम ग्वालियर द्वारा हाल ही में बैजाताल में प्रारंभ की गई बोटिंग का हर वर्ग के लोग लुफ्त उठा रहे हैं। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा गत दिवस शहर में प्रारंभ की गई बोटिंग से नगर निगम को पहले ही दिन 12 हजार रूपए से अधिक की आय प्राप्त हुई। शहर में नागरिकों को घूमने, फिरने और बोटिंग का लुफ्त उठाने के लिये प्रारंभ की गई व्यवस्था से लोगों में उत्साह है। पर्यटक अपनी शादी की सालगिरह भी बैजाताल में संचालित शिकारा में पार्टी मना रहे हैं। पर्यटकों का कहना है कि बैजाताल के शिकारा में भी कश्मीर का आनंद मिल रहा है। बैजाताल में बोटिंग का लुफ्त उठाकर एक वरिष्ठ नागरिक ने कहा कि ग्वालियर में प्रारंभ की गई यह बोटिंग एक अच्छा संकेत है। इस तरह के उपक्रम शहर में होते रहना चाहिए। अपने जन्मदिन पर अपने नाती-पोतों के साथ बोटिंग का आनंद उठाना बहुत ही अच्छा लग रहा है। शहर के युवक-युवतियां भी बढ-चढकर बोटिंग का लाभ उठा रहे हैं। कोविड-19 के कारण कई दिनों तक लॉकडाउन के बाद शहरवासियों को निगम द्वारा प्रारंभ की गई बोटिंग से लाभ उठाना एक सुखद अनुभूति महसूस हो रही है। कोविड गाइडलाइन के पालन के साथ-साथ निगम द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा को मन में उतारने से जीवन धन्य हो जाता है : पं.घनश्याम शास्त्री जी



माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम कमानी पुल के पास हनुमान चौराहा लक्ष्मी गंज में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत प्रथम दिवस में बताया कि भागवत की कथा को मन में उतारने से सभी का जीवन धन्य हो जाएगा।अगर इसे सच्चे दिल से सात दिन बैठकर श्रवण कर लिया जाए तो पाप कट जाते हैं। भगवान कृष्ण के दर्शन करने हैं तो, भागवत कथा को सुनने की जरुरत हैं। संसार में अनेक शास्त्र, पुराण, उपनिषद, वेद हैं, किंतु भागवत कथा सभी पुराणों का सार है। जब जन्म जन्मांतर के पूण्य एकचित होते है तो भागवत कथा श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। उक्त बातें सुप्रसिद्ध भागवताचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज कहीं। इस अवसर पर गणेश जी की बहुत सुंदर दिव्य झांकी लगाई गई इससे पहले कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ सुबह 11ः00 बजे नई सड़क स्थित पहाड़ वाली माता मंदिर से 108 कलश लेकर माता बहने सिर पर रखकर गाजे-बाजे बग्गी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली यह कथा वृद्धों के सानिध्य में वृद्धों के आशीर्वाद से हो रही है जिसमें माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम के पदाधिकारी अध्यक्ष पवन भटनागर,चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव एवं सभी पदाधिकारी सदस्यगण सहयोगी जनों ने कथा श्रवण की यह कथा 1 फरवरी फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित की जाएगी कथा समय प्रतिदिन 12ः00 से 5ः00 बजे तक रहेगा । जिसमें सभी संस्था के पदाधिकारी, अध्यक्ष पवन भटनागर , चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव , श्रीमती इंदिरा मंगल उपाध्यक्ष, सुनील श्रीवास्तव सचिव, मनोज दुबे सह सचिव, चेतन शर्मा सह सचिव, %अनूप श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र श्रीवास्तव ऑडिटर, मोनिका मिश्रा विधि सलाहकार, सीमा सक्सेना अधीक्षक, रणवीर सिंह सदस्य, श्याम श्रीवास्तव,आर के श्रीवास्तव, दिलीप चंद्र गोयल, निष्ठा सिंह, रजनी कुशवाहा, राजेश तोमर, निर्मल पांडे,श्रीमती तृप्ति भटनागर, आशीष श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव सहित कलश यात्रा मे श्री विजय शर्मा, श्री दिनेश शर्मा, सोनू सिंह राजावत, संपादक बिनय अग्रवाल जी, यू एन आई से अजय मिश्रा, गौरवशाली सामाजिक संस्था अध्यक्ष शिल्पा डोगरा, वासुदेव मिश्रा, रानी गौड़ जी के साथ साथ अन्य सदस्य एवं सहयोगी जन व सैकड़ों की संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहें।

# मंत्री सकलेचा ने माना-बिना अनुमति लगी मेला दुकानें

## मेला व्यावसायी संघ की मार्मिक अपील, हमारे पेट का ध्यान रखे सरकार

**ग्वालियर।** ग्वालियर व्यापार मेला के आयोजन की घोषणा नहीं हुई है और कुछ दुकानदारों ने मेले में अपनी दुकानें भी सजा ली है, एवं बिक्री भी शुरू कर दी है। जबकि कोविड -19 के नियमों के तहत पूरी तरह गलत है , वहीं मेला प्राधिकरण इन दुकानों को अवैध मानकर हटाने की कार्रवाई भी कर सकता है। स्वयं एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि दुकानदारों का बिना मेला की घोषणा के दुकानें लगभग पूरी तरह गलत है , जो भी नियमों के तहत कार्रवाई होगी। अब दूसरी ओर मेला प्राधिकरण बिना मेला घोषणा के दुकानें लगाने वाले दुकानदारों को अवैध कब्जे मानकर दुकानें हटाने के नोटिस दे रहा है।

प्रतिवर्ष 15 दिसंबर से आबाद होने वाला ग्वालियर व्यापार मेला इस वर्ष कोविड -19 संक्रमण के तहत शुरू नहीं हो सका है। मेला प्राधिकरण व राज्य शासन ने ग्वालियर व्यापार मेले को आयोजन को हरी झंडी नहीं दी है। शासन का मानना है कि मेले मे प्रतिदिन लाखों सैलानी जुटते हैं जिससे कोविड -19 ग्वालियर महामारी का रूप ले सकता है। लेकिन ग्वालियर व्यापार मेले में हर वर्ष भागीदारी करने वाले दुकानदार मेले की आस लगाये बैठे है। उनका मानना है कि मेले के





आयोजन से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता है, वहीं स्थानीय पर्यटन भी बढ़ता है। मेला व्यावसायी संघ के सचिव महेन्द्र भदकारिया व प्रवक्ता अनिल पुनियानी लगातार मेला आयोजन के लिये भरपूर कोशिश कर रहे हैं। वह आधा दर्जन बार भी भोपाल हो आये हैं, अब वह मेला आयोजन को लेकर हताश तो है लेकिन कमजोर नहीं पडे है। उनका कहना है कि मेला दुकानदार व व्यापारी तैयार है, बस शासन इसकी घोषणा कर दे, तो हम सात दिन में दुकानें सजा भी लेंगे। प्रवक्ता अनिल पुनियानी कहते है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और अंचल के नेता राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया पर ही हम सबकी निगाहें टिकी है। हमें अभी भी विश्वास है कि महाराज पहल कर ग्वालियर मेला लगवायेंगे। क्योंकि मेले से हमारों परिवारों की साल भर की रोजी रोटी बंधी है।

### प्रतिस्पर्धा की भेंट चढ़ा

ग्वालियर व्यापार मेला वैसे मप्र चैंबर ऑफ कामर्स और कैट की आपसी प्रतिस्पर्धा की भेंट चढ़ गया है। अब इसके लगने में संशय है। चेंबर ऑफ कामर्स पहले मेला आयोजन का श्रेय लूटना चाहता था और इसके लिये वह पत्र व्यवहार पर टिका रहा। वहीं कैट के भूपेन्द्र जैन और मुकेश अग्रवाल मेला व्यवसायी संघ के पदाधिकारियों को शताब्दी से भोपाल ले उड़े और मंत्री से मिलकर जनवरी के प्रथम सप्ताह में ही आयोजन की घोषणा भी कर डाली। जिसका भाजपा व सिंधिया समर्थक चेंबर पदाधिकारियों में कडा विरोध रहा और इसकी परिणिति यह हुई की मेला पूरी तरह से टल गया।

# बजट में कृषि एवं ग्रामीण विकास पर सरकार का विशेष ध्यान

## बजट कृषि, गाँव, युवा, महिला और जन हितैषी

**ग्वालियर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा है कि इस दशक का पहला बजट समावेशी है, इसमें हर वर्ग और हर क्षेत्र का समग्रता से ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हम स्वस्थ भारत-सशक्त भारत की दिशा में अग्रसर हैं और यह बजट उसी दिशा में मार्ग प्रशस्त करने वाला है। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि आम बजट में आत्मनिर्भरता का ध्येय निहित है और कोरोना संकटकाल के बाद राष्ट्र को मजबूती से विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए समुचित प्रयास एवं प्रावधान किए गए हैं, और बजट की सकारात्मता इसी बात से साबित हो जाती है कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा बजट पेश किए जाने के साथ ही बाजार एवं हर वर्ग से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई है।

केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा कि वर्ष 2021-22 का बजट प्रस्ताव 6 स्तंभों पर आधारित है और यदि एक दृष्टि में देखा जाए तो इनमें मानव कल्याण और विकास का पूर्ण सार समाहित है। इन स्तंभों में स्वास्थ्य एवं खुशहाली, भौतिक एवं वित्तीय पूंजी और अवसंरचना, आकांक्षी भारत के लिए समावेशी विकास, मानव पूंजी को फिर से ऊर्जावान बनाना, नवाचार और अनुसंधान व विकास एवं न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन को शामिल किया गया है।



केंद्रीय मंत्री तोमर ने बताया कि स्वास्थ्य बजट में दोगुना से भी ज्यादा (137 प्रतिशत) की वृद्धि की गई है। कोरोना के कारण स्वास्थ्य चुनौतियों को देखते हुए सरकार ने इस दिशा में बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2021-22 में स्वास्थ्य के लिए 2,23846 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। इसमें कोविड टीकाकरण अभियान के लिए 35 हजार करोड़ रु. की राशि का प्रावधान कर सरकार ने देश के हर नागरिक तक वैक्सीन पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता स्पष्ट की है। केंद्रीय मंत्री तोमर ने कहा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक लाख करोड़ रु.के कृषि अवसंरचना कोष में अब मंडियों को भी शामिल किया गया है। इससे मंडियां सशक्त होगी और वहां पर बड़ी अधोसंरचनाएं विकसित हो सकेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि के क्षेत्र में किसानों को जहां पहले 7 लाख करोड़ रु. तक का सालाना ऋण मिल पाता था, श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद इसे 15 लाख करोड़ रु. किया गया और अब बजट में इसे साढ़े 16 लाख करोड़ रू. कर दिया गया है। देश में और एक हजार मंडियों को ई-नाम से जोड़ा जाएगा। नाबार्ड के अंतर्गत बनाए सूक्ष्म सिंचाई कोष को दोगुना करते हुए 10,000 करोड़ रू. का किया गया है। कृषि और संबद्ध उत्पादों और उनके निर्यात में मूल्यवर्धन को बढ़ावा देने के लिए ऑपरेशन ग्रीन्स स्कीम का दायरा, जो वर्तमान में टमाटर, प्याज और आलू पर लागू होता है, को 22 शीघ्र खराब होने वाले उत्पादों को शामिल करने के लिए बढ़ाया गया है। केंद्रीय मंत्री तोमर ने बताया कि पंचायती राज मंत्रालय द्वारा महात्वाकांक्षी योजना स्वामित्व के तहत अब तक 6 राज्यों के 1241 गांवों के 1.80 लाख ग्रामीणों को उनके मकानों का मालिकाना हक प्रदान किया गया है। अब इस योजना को देश के सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में लागू करते हुए देश के हर गांव को शामिल किया जा रहा है। यह योजना गांवों के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इसके साथ ही ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास निधि 30 हजार करोड़ रु. से बढ़ाकर 40 हजार करोड़ रु. की जाएगी।

### शासकीय कार्यालयों में हुआ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन

**ग्वालियर।** शासकीय कार्यालयों में एक फरवरी को राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन हुआ। राज्य शासन के आदेश अनुसार हर माह के पहले कार्य दिवस पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान जन-गण-मन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के गायन के बाद शासकीय काम की शुरूआत की जाती है। यहाँ संभाग आयुक्त कार्यालय मोतीमहल परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं राष्ट्रीय गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन किया गया। इसी तरह कलेक्ट्रेट में भी शासकीय सेवकों द्वारा राष्ट्रीय गान एवं राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन किया गया।

# गुलिस्तां-2021 का लोगो लाँच किया

**ग्वालियर।** गुलिस्तां-2021 पेड़-पौधों की प्रदर्शनी का लोगो आज होटल सेन्ट्रल पार्क में कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन एवं होटल सेन्ट्रल पार्क के महाप्रबंधक प्रीतम खन्ना ने लाँच किया। उल्लेखनीय है कि 21 फरवरी को कैट महिला विंग द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय एवं होटल सेन्ट्रल पार्क के सहयोग से गुलिस्तां-2021 पेड़-पौधों की प्रदर्शनी होटल सेन्ट्रल पार्क में आयोजित की जा रही है। कैट महिला विंग की संयोजक श्रीमती रितिका गुप्ता एवं कार्यक्रम कोर्डिनेटर अभय दुबे ने बताया कि आज एक बैठक आयोजित कर इसके आयोजन को लेकर सभी गतिविधियों पर चर्चा की गई और इसी अवसर पर गुलिस्तां-2021 का लोगो भी लाँच किया गया। बैठक में अरुण राउत, सतीश रावत, ओ.पी. सोनेजा, ईशा पुरी, गंभीर सिंह, रुचिका गोयल, शैलजा, अभय,



निधि सहित अनेक पर्यावरण प्रेमी उपस्थित थे। श्रीमती रितिका गुप्ता ने कहा कि अगली बैठक 4 फरवरी को सायंकाल 5:30 बजे होटल सेन्ट्रल पार्क में आयोजित की गई है। इस बैठक में विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष और सचिवों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने रोटरी क्लब, लॉयंस क्लब, जेसीआई, भारत विकास परिषद, जैन मिलन सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे इस बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित होकर गुलिस्तां-2021 के आयोजन में सहभागी बनें।




### गाँधी शिल्प बाजार का शुभारंभ आज

**ग्वालियर।** ग्वालियर व्यापार मेला स्थित दस्तकारी हाट मेला परिसर में गाँधी शिल्प बाजार एक फरवरी से 10 फरवरी तक लगेगा। शिल्प मेले में देश के विभिन्न राज्यों के शिल्पी अपने सामान का विक्रय एवं प्रदर्शन करेंगे। गाँधी शिल्प बाजार के प्रभारी अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिल्प मेले का समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। ज्ञात हो गाँधी शिल्प बाजार का आयोजन भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त हस्तशिल्प और संत रविदास मध्यप्रदेश हस्तशिल्प व हाथकरघा विकास निगम द्वारा किया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 फरवरी को शाम 4 बजे शिल्प बाजार परिसर में किया जायेगा।







स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478